mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-29 अंक-107 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

रीवा

20 अप्रैल 2025 रविवार

दैनिक मीडिया ऑडीटर

# दैनिक मीडियाऑडीटर

रीवा, सतना से एक साथ प्रकाशित



सुरुचि सिंह ने लगातार...

@ पेज 7

# ‘सुप्रीम कोर्ट अपनी सीमा से बाहर जा रहा है’ धनखड़ ने भी जताई थी चिंता





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी के सांसद निशिकांत दुबे ने शनिवार को सुप्रीम कोर्ट को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। दुबे ने एक बड़ा बयान देते हुए कहा कि ‘देश में धार्मिक युद्ध भड़काने के लिए सुप्रीम कोर्ट जिम्मेदार है।’

**● बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे का बड़ा बयान**

उन्होंने सुप्रीम कोर्ट पर संसद की संप्रभुता को कमजोर करने और अपनी सीमा से बाहर जाकर कानून बनाने का आरोप लगाया। दुबे ने कहा कि यदि ‘सुप्रीम कोर्ट को ही कानून बनाना है तो संसद और विधानसभाओं को बंद कर देना चाहिए’। बता दें कि हाल ही में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भी सुप्रीम कोर्ट के फैसलों को ‘सुपर संसद’ की तरह व्यवहार करने वाला बताया था। बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने कहा, ‘देश में धार्मिक युद्ध भड़काने के लिए सुप्रीम कोर्ट जिम्मेदार है। सुप्रीम कोर्ट अपनी सीमा से बाहर जा रहा है। अगर हर बात के लिए सुप्रीम कोर्ट जाना है, तो संसद और विधानसभा का कोई मतलब नहीं है, इसे बंद कर देना चाहिए। आप अपॉइंटिंग अथॉरिटी को निर्देश कैसे दे सकते हैं? राष्ट्रपति भारत के मुख्य न्यायाधीश को नियुक्त करते हैं। संसद इस देश का कानून बनाती है। आपने नया कानून कैसे बनाया? किस कानून में लिखा है कि राष्ट्रपति को 3 महीने के भीतर फैसला करना है? इसका मतलब है कि आप इस देश को अराजकता की ओर ले जाना चाहते हैं। जब संसद बैठेगी तो इस पर विस्तृत चर्चा होगी।’

बता दें कि हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति को राज्यपालों द्वारा भेजे गए विधेयकों पर 3 महीने के भीतर फैसला लेने का निर्देश दिया था। यह फैसला 8 अप्रैल 2025 को तमिलनाडु बनाम राज्यपाल मामले में आया, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल आर.एन. रवि के विधेयकों पर देरी को असंवैधानिक ठहराया था। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने 15 अप्रैल 2025 को वक्फ (संशोधन) अधिनियम पर अंतरिम आदेश जारी किया था। साथ ही अदालत ने इस कानून के कुछ प्रावधानों पर केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया था। बता दें कि कानून संसद द्वारा पारित किया गया था, जिसका उद्देश्य वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन और पारदर्शिता में सुधार करना था।

**उपराष्ट्रपति धनखड़ ने जताई थी चिंता:** बता दें कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने 17 अप्रैल 2025 को सुप्रीम कोर्ट के तमिलनाडु बनाम राज्यपाल मामले में दिए गए निर्देश को ‘न्यायिक अतिक्रमण’ करार दिया था। धनखड़ ने कहा था, ‘हम ऐसी स्थिति नहीं रख सकते जहां सुप्रीम कोर्ट राष्ट्रपति को निर्देश दे। कोर्ट के पास संविधान की व्याख्या करने का अधिकार है, लेकिन वह कार्यपालिका या विधायिका की भूमिका नहीं निभा सकता।’ उन्होंने अनुच्छेद 142 को ‘न्यायपालिका के लिए 24×7 उपलब्ध परमाणु मिसाइल’ करार देते हुए इसकी असीमित शक्ति पर चिंता जताई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### रूस की सेना ने यूक्रेन के एक और क्षेत्र पर किया कब्जा


**कीव (एजेंसी)।** रूस ने यूक्रेन को बड़ा झटका देते हुए उससे एक और गांव छीन लिया है। रूस ने दावा किया है कि उसने यूक्रेनी की सेना को उसके कुर्स्क क्षेत्र में बचे हुए अंतिम ठिकानों में से एक से खदेड़ दिया है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि उसकी सेनाओं ने यूक्रेन की सीमा पर स्थित ओलेशन्या गांव पर कब्जा कर लिया है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ‘‘रूसी सेना के ‘उत्तर’ सैन्य समूह की इकाइयों ने सक्रिय आक्रामक अभियानों के दौरान कुर्स्क क्षेत्र के ओलेशन्या गांव को मुक्त करा लिया है।’’



एसोसिएटेड प्रेस इस दावे की तत्काल पुष्टि नहीं कर सका तथा यूक्रेनी अधिकारियों की ओर से भी तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। रूसी सरकारी समाचार एजेंसी तास के अनुसार, रूस अब भी यूक्रेन की सेना को ओलेशन्या से लगभग 11 किलोमीटर दक्षिण में स्थित गोर्नल गांव से बाहर निकालने के लिए संघर्ष कर रहा है। रूसी सुरक्षा एजेंसियों के हवाले से एजेंसी ने बताया, ‘‘रूसी सेना ने अभी तक यूक्रेन के सशस्त्र बलों को गोरनल से बाहर नहीं निकाला है। ताकि कुर्स्क क्षेत्र को पूरी तरह से मुक्त किया जा सके। बस्ती में भीषण लड़ाई चल रही है।’’ एक अन्य घटनाक्रम में, यूक्रेन की वायुसेना ने दावा किया कि रूस ने शनिवार रात तक ड्रोन और ‘डमी हथियारों’ से 87 महले किये। इस बीच, रूस के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि उसकी वायु रक्षा प्रणालियों ने शुक्रवार रात को यूक्रेन के दो ड्रोन मार गिराये।

### इजरायली सेना के हवाई हमलों में 90 से अधिक लोगों की गई जान

**दीर अल बला (गाजा पट्टी) (एजेंसी)।** इजरायली सेना ने गाजा में पिछले 48 घंटे में मिसाइलों की बरसात कर दी है। इस हमले में काफी संख्या में लोग मारे गए हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि पिछले 48 घंटों में गाजा में ताबड़तोड़ हो रहे इजरायली हमलों में 90 से अधिक लोग मारे गए हैं। हालांकि, मंत्रालय ने यह नहीं बताया कि मरने वालों में कितने आम नागरिक हैं और कितने लड़के हैं।
वहीं अस्पताल के कर्मचारियों के अनुसार, मृतकों में कम से कम 15 आम लोग शामिल हैं। इनमें महिलाएं और बच्चे भी हैं। बताया जा रहा है, मिसाइलें उन शरणार्थी शिविरों में भी गिरी जहां कुछ निर्दिष्ट मानवीय



क्षेत्र में शरण लिए हुए थे। इजरायल गाजा में हमले बढ़ा रहा है, क्योंकि वह हमास पर अपने बंधकों को रिहा करने और निरस्त्रीकरण के लिए दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है। इजरायल ने कहा है कि वह गाजा के अंदर बड़े ‘सुरक्षा क्षेत्रों’ पर कब्जा करने की साजिश रच रहा है।

## सीलमपुर मर्डर केसः लेडी डॉन ज़िकरा से पूछताछ में बड़ा खुलासा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सीलमपुर कुणाल मर्डर केस में लेडी डॉन ज़िकरा से पूछताछ में बड़ा खुलासा हुआ है। ज़िकरा नाबालिग लड़कों की फौज तैयार कर रही थी। ज़िकरा की नाबालिग गैंग में 8 से 10 लड़के थे। लोगों को धमकाने और वर्चस्व बनाने में ज़िकरा लगी थी। वह हमेशा अपने साथ लड़कों को लेकर निकलती थी।



कुणाल मर्डर केस में भी नाबालिगों की भूमिका की जांच हो रही है। जानकारी के अनुसार, कुणाल पर हमला करने से पहले ज़िकरा ने अपने नाबालिग लकड़ों से कुणाल की रेकी करवाई थी। लड़कों ने ज़िकरा को बताया कि कुणाल जीटीबी अस्पताल से निकल रहा है। इसके बाद ज़िकरा अपने लड़कों को लेकर निकली। साहिल और दिलशाद ने कुणाल की चाकू से गोद कर हत्या कर दी। बता दें कि ज़िकरा जेल में बंद ज़ोया की बाउंसर थी। बता दें कि सीलमपुर इलाके में गुरुवार शाम को 17 वर्षीय कुणाल नामक लड़के की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई थी। किशोर की चाकू घोंपकर हत्या करने के बाद हिरासत में लिए गए चार लोगों में लेडी डॉन ज़िकरा भी शामिल है। गिरफ्तारी के बाद लेडी डॉन की पहली तस्वीर शनिवार को सामने आई। पुलिस ने बताया कि 17 वर्षीय कुणाल नामक लड़के की कथित तौर पर हत्या कर दी गई, जब वह अपने बीमार पिता के लिए चाय बनाने के लिए दूध खरीदने बाहर गया था। उन्होंने बताया कि उसे पास के जेपीसी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**मरने वालों की संख्या 11 पहुंची**

# दिल्ली के मुस्तफाबाद में ताश के पत्तों की तरह गिरी बिल्डिंग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के मुस्तफाबाद इलाके में शनिवार (19 अप्रैल) की सुबह करीब 3ः00 बजे एक चार मंजिला रिहायशी इमारत ढह गई। शक्ति विहार इलाके की गली नंबर 1 में इमारत ताश के पत्तों की तरह ढह गई, जिससे कई लोग मलबे में दब गए। अधिकारियों ने बताया कि मरने वालों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है और कई लोग अभी भी अंदर फंसे हुए हैं। बता दें कि राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और अन्य एजेंसियों द्वारा चलाया जा रहा रेस्क्यू ऑपरेशन अब भी जारी है। बता दें कि इस घटना पर दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने भी दुख व्यक्त किया है। सीएम रेखा गुप्ता ने इसे लेकर सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट भी शेयर किया है। सीएम रेखा गुप्ता ने एक्स पर लिखा, मुस्तफाबाद में इमारत गिरने की दर्दनाक घटना से मन अत्यंत व्यथित है। घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई



सुनिश्चित की जाएगी। राहत एवं बचाव कार्यों में DDMA, NDRF, DFS और अन्य एजेंसियाँ सतत रूप से जुटी हैं। सभी घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था की गई है। इस दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में जिनकी मृत्यु हुई है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएँ। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिवारों को इस अपूरणीय क्षति को सहने की शक्ति दें।

## यूपी में अब समधी-समधन हुए फरार



**बदायूं (एजेंसी)।** यूपी के बदायूं जिले में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां समधी और समधन प्रेम प्रसंग के चलते एक-दूसरे के साथ फरार हो गए हैं। एक तरफ जहां अलीगढ़ में सास के दामाद के साथ फरार हो जाने का मामला सुर्खियों में है तो वहीं अब बदायूं में समधी-समधन के फरार हो जाने के बाद इसकी चर्चा एक बार फिर तेज हो गई है। बताया जा रहा है कि दोनों ने अपने बेटे-बेटी की शादी करीब तीन साल पहले कराई थी। महिला का पति ट्रक का ड्राइवर था, जिस वजह से वह ज्यादातर घर से बाहर ही रहता था। दरअसल, बदायूं जिले में समधी-समधन के फरार हो जाने का मामला सामने आने के बाद से यह चर्चा का विषय बना हुआ है। यहां एक महिला को अपने बेटी के ससुर से प्यार हो गया। महिला ने अपनी बेटी की शादी तीन साल पहले कराई थी। पुलिस ने शुक्रवार को घटना की जानकारी दी। पुलिस की मानें तो महिला ममता (43) जिला मुख्यालय के सिविल लाइन थाना क्षेत्र निवासी अपने समधी के साथ फरार हो गई। महिला चार बच्चों की मां थी। उसने शैलेंद्र (महिला का समधी) के बेटे के साथ अपनी बेटी की शादी कराई थी।

# ब्राह्मणों पर विवादित बयान देकर बुरे फंसे अनुराग कश्यप

**केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने साधा निशाना**

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने फिल्म फुले को लेकर चल रहे विवाद के बीच इंस्टाग्राम पर ब्राह्मण समुदाय के बारे में अनुराग कश्यप की विवादास्पद टिप्पणी पर उन पर निशाना साधा है। कोयला और खान राज्य मंत्री ने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट कर लिखा, ÷यह नीच व्यक्ति अनुराग कश्यप सोचता है कि वह पूरे ब्राह्मण समुदाय पर गंदी बातें कहकर बच जाएगा? अगर उसने तुरंत सार्वजनिक माफी नहीं मांगी, तो मैं कसम खाता हूं कि उसे कहीं शांति नहीं मिलेगी। इस गंदे मुंह वाले के नफरत भरे बोल अब और बर्दाश्त नहीं। हम चुप नहीं रहेंगे!÷ बता दें कि बीते दिनों अनुराग कश्यप ने सोशल मीडिया पर ब्राह्मणों को लेकर एक विवादित कमेंट किया था।
बता दें कि बढ़ते विवाद और उसके बाद हुई तीखी प्रतिक्रिया के बीच, अनुराग कश्यप ने माफी मांगते हुए स्पष्ट किया कि उनकी टिप्पणियों को संदर्भ से बाहर ले जाया गया। उन्होंने कहा कि घटना के बाद से उनकी बेटी, परिवार, दोस्तों और सहकर्मियों को बलात्कार और मौत की धमकियां मिल रही हैं। अनुराग कश्यप ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी पोस्ट शेयर करते हुए एक नोट में लिखा, ÷यह मेरी माफी है।



मेरी पोस्ट के लिए नहीं, बल्कि उस एक पंक्ति के लिए जिसे संदर्भ से बाहर लिया गया और जो नफरत पैदा कर रही है। कोई भी कार्रवाई या भाषण इस लायक नहीं है कि आपकी बेटी, परिवार, दोस्तों और सहकर्मियों को तथाकथित संस्कार (सांस्कृतिक मूल्यों) के पथप्रदर्शकों से बलात्कार और मौत की धमकियां मिलें।÷
बता दें कि यह विवाद 17 अप्रैल को अनुराग कश्यप के एक पोस्ट के बाद शुरू हुआ, जिसमें उन्होंने अपनी आगामी फिल्म %फुले% के खिलाफ हो रहे विरोध की आलोचना की। बता दें कि अनुराग कश्यप की ये फिल्म समाज सुधारक ज्योतिराव और सावित्रीबाई फुले के जीवन पर आधारित है।

# बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यक नेता की हुई हत्या

**विदेश मंत्रालय ने की आलोचना**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यक नेता भाबेश चंद्र रॉय के अपहरण और क्रूर हत्या पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। अपनी प्रतिक्रिया में, विदेश मंत्रालय ने कहा कि नवीनतम घटना मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली वर्तमान बांग्लादेश सरकार के तहत ÷हिंदू अल्पसंख्यकों के व्यवस्थित उत्पीड़न के पैटर्न का अनुसरण करती है÷। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने जोर देकर कहा कि ÷इस तरह की पिछली घटनाओं के अपराधी बेखौफ घूम रहे हैं।÷ विदेश मंत्रालय ने घटना की निंदा की। एक्स पर अपने पोस्ट में जायसवाल ने कहा, %हमने बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यक नेता श्री भाबेश चंद्र रॉय के अपहरण और क्रूर हत्या को देखा, जो कि दुखद है। यह हत्या अंतरिम सरकार के तहत हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ व्यवस्थित उत्पीड़न का हिस्सा है, जबकि पहले की ऐसी घटनाओं के दोषी बिना सजा के घूम रहे हैं।%
अपने पोस्ट में रणधीर जायसवाल ने आगे





लिखा, ÷हम इस घटना की निंदा करते हैं और एक बार फिर अंतरिम सरकार को याद दिलाते हैं कि वह बिना कोई बहाना बनाए या भेदभाव किए, हिंदुओं सहित सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा करने की अपनी जिम्मेदारी निभाए।÷ बता दें कि भाबेश चंद्र रॉय बांग्लादेश पूजा उडजापन परिषद की बिराल इकाई के उपाध्यक्ष और इलाके में हिंदू समुदाय के एक प्रमुख नेता के रुप में जाने जाते थे। लेकिन उन्हें पहले तो अगवा किया गया और फिर पीट-पीटकर उनकी हत्या कर दी गई। पुलिस और परिवार के सदस्यों के हवाले से द डेली स्टार ने बताया कि गुरुवार की रात को उनका शव बरामद किया गया। रॉय की पत्नी शांतना ने द डेली स्टार को बताया कि रॉय को शाम करीब 4ः30 बजे एक फोन कॉल आया, जिसके बारे में उन्होंने कहा कि यह अपराधियों ने उनके घर पर होने की पुष्टि करने के लिए किया था।

# ‘महाराष्ट्र में हिंदी भाषा को थोपने की इजाजत नहीं दी जाएगी’

**उद्धव ठाकरे का बड़ा बयान**


**मुंबई (एजेंसी)।** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शनिवार को हिंदी भाषा को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी महाराष्ट्र में हिंदी को अनिवार्य नहीं होने देगी, क्योंकि राज्य सरकार ने कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों के लिए हिंदी को अनिवार्य तीसरी भाषा बनाने का फैसला किया है।
दरअसल उद्धव ठाकरे, शिवसेना (यूबीटी) की श्रमिक शाखा भारतीय कामगार सेना के एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी को हिंदी भाषा से कोई परहेज नहीं है, लेकिन इसे क्यों मजबूर किया जा रहा है। उनकी टिप्पणी महाराष्ट्र सरकार द्वारा राज्य भर के मराठी और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों के लिए हिंदी को अनिवार्य तीसरी भाषा बनाने के फैसले पर विपक्ष के हंगामे के बीच आई है, जो दो भाषाओं के अध्ययन की प्रथा से हटकर है।



इससे पहले उद्धव ने नासिक में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा था कि उन्होंने हिंदुत्व की विचारधारा का त्याग नहीं किया है, लेकिन उनकी पूर्व सहयोगी बीजेपी का हिंदुत्व का ‘सड़ा हुआ’ संस्करण उन्हें स्वीकार्य नहीं है। ठाकरे ने सुझाव दिया था कि महाराष्ट्र की बीजेपी के नेतृत्व वाली सरकार को मुंबई के राजभवन परिसर को छत्रपति शिवाजी महाराज के स्मारक में बदल देना चाहिए और राज्यपाल आवास को किसी अन्य स्थान पर ट्रांसफर कर देना चाहिए।
ठाकरे ने ये भी कहा था कि अविभाजित शिवसेना के बिना बीजेपी उस स्थिति में नहीं पहुंच पाती, जहां वह अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण कर सके। उन्होंने बीजेपी पर झूठा विमर्श फैलाने का आरोप लगाया कि शिवसेना (क्क्ष) ने हिंदुत्व का रास्ता छोड़ दिया है। ठाकरे ने कहा, ‘मैंने बीजेपी से नाता तोड़ा है, हिंदुत्व से नहीं। मैं मर भी जाऊं तो भी हिंदुत्व नहीं छोड़ूंगा। मशाल पार्टी का चुनाव चिह्न हो सकता है, लेकिन भगवा रंग इसकी पहचान है।

## आग बुझाने गई फायर ब्रिगेड की गाड़ी ही जलकर हुई खाक

**नागपुर ( एजेंसी )।** शहर के भांडेवाडी परिसर स्थित डम्पिंग यार्ड में भयानक आग लगने का मामला सामने आया है। यहां पर कई घंटे से आग लगी है, जो बुझने का नाम नहीं ले रही है। मौके पर दमकल विभाग की आठ गाड़ियों को भेजा गया है, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। इस बीच आग इतनी भयानक है कि दमकल विभाग की गाड़ी ही आग की चपेट में आ गई। देखते ही देखते आग ने पूरी गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया और फायर ब्रिगेड की पूरी गाड़ी धू-धूकर जल गई। आग लगने के वजह से इलाके में हर तरफ सिर्फ धुआं ही धुआं दिख रहा है। दरअसल, नागपुर के भांडेवाडी परिसर में स्थित डम्पिंग यार्ड में शनिवार दोपहर को भीषण आग लगी। आग इतनी भयानक थी कि आस-पास कई किलोमीटर दूर तक आग की लपटें ही दिखाई दे रही हैं। वहीं आसमान में हर तरफ धुएं का गुबार दिख रहा है। वहीं सूचना मिलने के बाद मौके पर दमकल विभाग की आठ गाड़ियों को भेजा गया है, जो आग पर काबू पाने में जुटी हुई हैं। हालांकि आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नही हुआ है।



# खाद्य मंत्री ने गुना जिले के ग्राम सागर में तालाब गहरीकरण में की सहभागिता

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री तथा गुना जिले के प्रभारी मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने गुना जिले के ग्राम सागर में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत तालाब गहरीकरण में सहभागिता कर श्रमदान किया। मंत्री श्री राजपूत ने पूजा कर गेती-फावड़ा लेकर स्वयं श्रमदान करते हुए तालाब गहरीकरण की शुरुआत की और जल संरक्षण की इस पहल में सक्रिय भागीदारी निभाई। मंत्री श्री राजपूत और विधायक श्रीमती प्रियंका पेंची ने ग्रामीणों से संवाद कर जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि जल संरक्षण केवल सरकारी प्रयास नहीं बल्कि जन-सहभागिता से जुड़ा एक संकल्प है। तालाबों का संरक्षण और गहरीकरण हमारे भविष्य की जल आवश्यकता की पूर्ति के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से इस अभियान को जनांदोलन के रूप में अपनाने का आग्रह किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अरविंद धाकड़, जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# भोपाल में सड़क किनारे लगे पेड़ों का घुट रहा दम

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** भोपाल में सड़क किनारे लगे पेड़ों की जड़ों को कन्क्रीट से ढंक दिया गया है। इसके चलते जेल रोड, व्यापम चौराहा, शिवाजी नगर जैसे कई इलाकों में लगे ये घने और छायादार पेड़ सूखने लगे हैं। दरअसल भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए शहर भर में सड़क निर्माण और रिपेयरिंग का काम किया गया था। इस दौरान सड़क किनारे लगे पेड़ों के आसपास की जमीन को भी डामर से कवर कर दिया गया। इससे उनकी जड़ों तक हवा और पानी दोनों ही नहीं पहुंच पा रहा है। लम्बे समय तक यही स्थिति बनी रहने पर यह विशालकाय पेड़ सूख जाएंगे।जम्मू सेंट्रल यूनिवर्सिटी के डिपार्टमेंट ऑफ बॉटनी के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अशोक के मुताबिक पेड़ के लिए जड़ें सबसे जरूरी होती हैं। ये ना सिर्फ पेड़ को जमीन पर टिकाए रखती है, बल्कि पानी, हवा और जरूरी पोषक तत्व भी पहुंचाती है। पेड़ के आसपास की मिट्टी-जमीन को डामर या सीमेंट से कवर कर देने से जड़ों तक ये सारी चीजें नहीं पहुंच पाती। इससे इनकी ग्रोथ रुक जाती है। ज्यादा समय तक ऐसी ही स्थिति बनी रहने से ये सूख भी सकते हैं। उधर, एक रिपोर्ट के मुताबिक साल 2025 के अंत तक भोपाल में सिर्फ 3त्न वन क्षेत्र बचेगा। पिछले एक दशक में भोपाल ने अपने 26त्न वनक्षेत्र हिस्से को खो दिया है। ऐसी स्थिति में पेड़ों की जड़ों से डामर और कन्क्रीट हटना बेहद जरूरी है।

# राज्य शिक्षा केंद्र तय नहीं कर पाया कि प्रवेश कब से शुरू करें

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मप्र सरकार ने सरकारी स्कूलों में तो प्रवेशोत्सव मना लिया है। सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाई भी शुरू हो गई। लेकिन राइट टू एजुकेशन के तहत जिन ढाई लाख बच्चों को इस साल प्राइवेट स्कूलों में प्रवेश मिलना था, उनके लिए अब तक पॉलिसी भी नहीं बनाई है। अब तक राज्य शिक्षा केंद्र तय नहीं कर पाया कि आरटीई वाले बच्चों का प्रवेश कब शुरू किया जाए। अफसरों का कहना है कि इस महीने के आ?खिर तक आदेश जारी हो जाएंगे। यदि ऐसा हो भी गया तो आरटीई में प्रवेश पाने वाले बच्चों की एक महीने की पढ़ाई नहीं हो सकेगी। पिछले साल भी यही हाल हुआ था और हंगामा होने पर जून में जाकर आरटीई के बच्चों की प्रवेश प्र?क्रिया शुरू हो पाई थी। इस लेतलाली को लेकर मंत्री ने अफसरों को फटकार भी लगाई थी, लेकिन अफसरों ने हवाला दिया कि मान्यता का मामला कोर्ट में होने के कारण देरी हो रही है। इसी दौरान कोर्ट ने निजी स्कूल संचा?लकों की याचिका पर रजिस्टर्ड किरायेनामे पर 7 मई तक स्टे कर दिया।

# प्रदेश में जन सहभागिता से चल रहा है जल स्रोतों का संवर्धन एवं संरक्षण

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** प्रदेश में 30 मार्च से शुरू हुए जल गंगा संवर्धन अभियान अच्छे परिणाम देखने को मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जल संरक्षण पर 7 प्रमुख बिन्दु तय किये थे। इन बिन्दुओं में जल संरक्षण से जुड़ी व्यापक योजना तैयार करना, वर्षा जल संचयन प्रणाली को बढ़ावा देना, जल प्रदूषण नियंत्रण और जल शुद्धिकरण, समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करना, तकनीकी सहायता उपलब्ध करवाना प्रमुख थे। अभियान में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश में इन बिन्दुओं को केन्द्रित करते हुए जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रत्येक जिले में जन भागीदारी से संचालन किया जा रहा है।

छिन्दवाड़ा जिले के जुन्नारदेव में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आह्वान पर जन अभियान परिषद छात्र-छात्राओं के सहयोग से जल का महत्व समझाने के लिये दीवार लेखन करा रही है। मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम कार्यक्रम में बीएस डब्ल्यू-एमएसडब्ल्यु के छात्र-छात्राओं के द्वारा सेक्टर क्रमांक 02 विकासखंड जुन्नारदेव के ग्राम पंचायत जुन्नारदेव विशाला एवं जुन्नारदेव दमामी, शिव नगरी मंदिर परिसर में अंतर्गत जल है तो कल है, जल ही जीवन है, हम सबने ठाना है, पानी को बचाना है सहित विभिन्न प्रकार के नारों का दीवार लेखन के माध्यम से ग्रामीणों जनों को




जागरूक करने का कार्य किया जा रहा हैं। ग्राम पंचायत मरकाढ़ाना के तवानगर में नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति परिवर्तित दृष्टि सामाजिक विकास एवं कल्याण संस्थान ने तवा नदी के उद्गम स्थल में सामूहिक रूप से श्रमदान किया तथा तय किया गया है कि परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में यहां निरंतर सामूहिक सहभागिता से जल स्रोतों की सफाई का कार्य किया जायेगा।

सीधी जिले में सभी 25 सेक्टर्स में निरंतर जन सहभागिता से जल संरक्षण एवं जन जागरूकता के लिये अनेकों प्रकार के कार्यक्रम संपन्न किये जा रहे हैं। कुसमी विकासखंड में स्थित बरी नदी पर डैम की साफ-सफाई एवं पानी को रोकने के लिये श्रमदान किया गया। यह कार्य निरंतर 30 जून तक संचालित किया जाएगा, जिसमें प्रस्फुटन समितियां, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्र-छात्रा, नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा जन सहभागिता से कार्यक्रम संपन्न करेंगे।सिंगरौली जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान में जल है तो कल की भावना को ध्यान में रखते हुए 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान जल संरचनाओं की साफ सफाई कराये जाने के साथ ही उनका जीर्णोद्धार, नवीन जल संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। चितरंगी मुख्यालय के सीएम राइज विद्यालय में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 9 से 12 तक के छात्र छात्राओं ने 9 ग्रुपों में प्रतिभागी रहे। विद्यालय के छात्रो ने आकर्षक चित्रकारी कर आम लोगो का संरक्षण का संदेश दिया।कटनी जिले में पानी के संरक्षण एवं संवर्धन के लिये जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कार्य किए जा रहे है।

# मंत्री श्री राजपूत ने किया 815.64 लाख के विभिन्न विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति मंत्री एवं प्रभारी मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने शुक्रवार को गुना जिले के शासकीय महाविद्यालय चाचौड़ा बीनागंज में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीण/ शहरी सशक्तिकरण और जनकल्याण को साकार करने 815.64 लाख लागत के विभिन्न विकास कार्यो का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया।



कार्यक्रम का शुभांरभ कन्या पूजन के साथ हुआ। मंत्री श्री राजपूत ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत आंगनवाडी भवन निर्माण, सामुदायिक भवन निर्माण, सीसी रोड निर्माण, पंचायत भवन ग्राम पंचायत झुकरा, सामुदायिक शौचालय, स्टॉपडेम निर्माण ग्राम पंचायत नारायणपुरा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अंतर्गत नल जल योजना तथा पोस्टल सब ऑफिस कुंभराज सहित कुल 26 कार्यो के लागत राशि 815.64 लाख के विभिन्न विकास कार्यो का शिलान्यास /लोकार्पण किया। इस दौरान मंत्री श्री राजपूत द्वारा 5 दिव्यांगों को ट्राइसाईकिल एवं व्हीलचेयर भी वितरित की गयी।

इस अवसर पर विधायक चाचौड़ा श्रीमति प्रियंका पेंची अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित जनपद एवं पंचायत प्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# राज्यमंत्री कृष्णाा गौर ने गोविंदपुरा क्षेत्र के रहवासियों की समस्याएं सुनीं

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों को समय पर काम करना होगा। मंत्री श्रीमती गौर ने अधिकारियों द्वारा लंबे समय तक फाइल अटकाने पर नाराजगी व्यक्त की। राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने शुक्रवार को वार्ड-61 का औचक निरीक्षण कर रहवासियों की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही उनका निराकरण किया।



राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने भ्रमण के दौरान कहा कि नागरिक सुविधाओं के स्थायी समाधान के लिए हम संकल्पित हैं। हमारा निरंतर प्रयास है कि क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं की कोई कमी नहीं रहे, इसके लिए आवश्यक कार्य किए जा रहे हैं। मंत्री श्रीमती गौर को गोविंदपुरा स्थानीय रहवासियों ने पेयजल से जुड़ी कुछ परेशानियाँ बताईं। उन्होंने पानी का प्रेशर कम होना और निर्धारित समय से कम अवधि तक पानी मिलने की शिकायत की। मंत्री श्रीमती गौर ने अधिकारियों को पाइपलाइन का प्रेशर ठीक करने, पानी लाइन नेटवर्क को दुरुस्त करने और जल आपूर्ति की समय सीमा बढ़ाने के निर्देश दिए।

राज्य मंत्री श्रीमती गौर को लवकुश नगर, समृद्धि परिसर खजूरीकलां के रहवासियों ने बताया कि यहां मौजूद 40 फीट रोड पर बारिश में पानी भर जाता है। रहवासियों ने नाली पर से अतिक्रमण हटा कर सफाई की मांग की।

# शालाओं में 22 अप्रैल को होगा पृथ्वी दिवस का आयोजन

भोपाल। प्रदेश की सभी शालाओं में 22 अप्रैल 2025 मंगलवार के दिन पृथ्वी दिवस का आयोजन किया जायेगा। इस आयोजन के संचालन के लिए संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र श्री हरजिंदर सिंह ने समस्त जिला कलेक्टर्स को पत्र लिखकर निर्देश जारी किये हैं। विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता के लिए केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा ''इको क्लब फॉर मिशन लाइफ'' कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां की जा रही हैं। पर्यावरण के प्रति जागरूकता के लिए विद्यालयों में इको क्लब का गठन भी किया गया है। प्रदेश में विद्यालयों में गठित इको क्लब से फ्लोरा (वनस्पति) के लिए क्यूआर कोड नामक एक शैक्षिक पहल की शुरूआत की गई है। इसका प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों में तकनीकी कौशल का विकास करना, क्यूआर कोड निर्माण और डिजिटल जानकारी प्रदान करना है। पृथ्वी दिवस के आयोजन में विद्यालय द्वारा ''इको क्लब फॉर मिशन लाईफ'' पोर्टल पर पंजीयन किया जायेगा। विद्यालय के इको क्लब प्रभारी द्वारा विद्यार्थियो के समूह बनाएँ जाकर स्कूल परिसर एवं आस-पास के बाग बगीचों इत्यादि में उपलब्ध पेड़-पौधों का सर्वेक्षण कर सूची तैयार की जायेगी। विद्या?र्थी सूची अनुसार पेड़-पौधों से संबंधित जानकारी एकत्रित कर डिजिटल डेटाबेस भी तैयार करेंगे। इसके आधार पर प्रत्येक पेड़-पौधों के लिए स्थिर (स्टेटिक) क्यूआर कोड बनायेंगे।

क्यूआर कोड वाले लेबल को विद्यार्थियों द्वारा संबंधित पेंड़ पौधों के समक्ष प्रदर्शित किया जायेगा, जिससे अन्य विद्यार्थी एवं जन सामान्य भी उस पेड़ पौधे से संबंधित जानकारी सहजता से प्राप्ते कर सकेंगे। क्यूआर कोड में उस पेड़ पौधे से संबंधित जानकारी यथा पेड़ (फ्लोरा) का नाम एवं स्थानीय नाम, पेड़ का वैज्ञानिक नाम, पेड़ का प्रकार, फलदार / औषधि / सजावट / अन्य, वनस्पति के बारे में जानकारी जैसे पोषण मूल्य, लाभ, उपयोग आदि भी उपलब्ध होगी।

# प्रदेश में 16 हजार नई दुग्ध सहकारी समितियां गठित होंगी

भोपाल। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की सलाह के बाद मप्र सहकारिता विभाग ने अपने लक्ष्यों की समीक्षा की है। इसके बाद नए सिरे से योजना बनाई गई है। गुरुवार को इस संबंध में एक उच्च स्तरीय बैठक हुई। इसके बाद प्रदेश में 635 नई प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां (पैक्स) और लगभग 16,000 प्राथमिक सहकारी दुग्ध संकलन समितियां गठित करने का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में मध्य प्रदेश में पैक्स की संख्या 4,457 है। नई पैक्स के गठन के बाद इनकी संख्या 5,000 के पार हो जाएगी। वहीं, दुग्ध संकलन समितियों की संख्या करीब 10,000 है। अब इन्हें बढ़ाकर 26,000 तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। गौरतलब है कि अमित शाह ने पैक्स को 30 प्रकार के नए काम सौंपने का भी ऐलान किया था। इनमें पेट्रोल पंप, गैस एजेंसी, और नल जल योजना का संचालन शामिल हैं। सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने सहकारिता विभाग के कामकाज के विस्तार के लिए एक कमेटी गठित की है। उन्होंने मौजूदा एक्ट और गाइडलाइन का अध्ययन कराने को कहा है। यह कमेटी अपनी अनुशंसाएं सरकार को देगी। इसके आधार पर सहकारिता विभाग के कामकाज में विस्तार किया जाएगा।

# उज्जैन में 'जल-जागरण' की ऐतिहासिक शुरुआत-गंधर्व सागर में हुआ भूमि-पूजन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना की भूमि उज्जैन आज एक ऐतिहासिक क्षण की साक्षी बनी, जब गंधर्व सागर के भूमि पूजन के साथ जल-जागरण की क्रांति का विधिवत शुभारंभ हुआ। यह आयोजन केवल एक परंपरा का निर्वहन नहीं, बल्कि जल संरक्षण के प्रति राष्ट्रव्यापी जन-जागरण की पहली औपचारिक आहुति बन गया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा महाकाल के स्मरण, %भारत माता की जय और वंदे मातरम की गूंज के साथ हुई। पूरे वातावरण में देशभक्ति और सांस्कृतिक चेतना का संचार हुआ। जल गंगा संवर्धन



अभियान के अंतर्गत यह आयोजन एक जन-आंदोलन के रूप में सामने आया, जिसका उद्देश्य केवल जल स्त्रोतों का पुनरुद्धार नहीं, बल्कि नागरिकों में जल प्रबंधन और संरक्षण की भावना जाग्रत करना भी है।

वक्ताओं ने इस अभियान को जनभागीदारी की मिसाल बताते हुए कहा कि जल ही जीवन है। अब केवल एक नारा नहीं, बल्कि यह जन-आंदोलन बन चुका है। गंधर्व सागर का पुनरुत्थान उज्जैन सहित सम्पूर्ण मध्यप्रदेश को जल संकट से उबारने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम होगा। उज्जैन के सप्तसागर रूद्रसागर, रत्नाकर सागर, गोवर्धन सागर, पुरुषोत्तम सागर, पुष्कर सागर, विष्णु सागर और क्षीर सागर का उल्लेख करते हुए उनकी धार्मिक और सांस्कृतिक महत्ता को रेखांकित किया गया। अगर आज जल नहीं बचाया गया, तो कल इसके लिए संघर्ष करना पड़ेगा, इस चेतावनी के साथ सभी को जल संचयन, जल प्रबंधन और जल संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। उपस्थित जनसमूह ने पूरे उत्साह से 'जल-जागरण' को जन-जागरण में बदलने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने रासायनिक औद्योगिक आपदा पर मॉक अयास का किया गया आयोजन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** भारत सरकार के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए), राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) के संयुक्त तत्वाधान में गुरुवार को सेंट्रल पॉवर रिसर्च इंस्टीट्यूट के सामने, रासायनिक औद्योगिक आपदा पर मॉक अभ्यास का आयोजन किया गया। यह अभ्यास आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने तथा जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। भोपाल सहित प्रदेश के 10 जिलों में रासायनिक औद्योगिक आपदा पर आधारित मॉक अभ्यास




आयोजित किया गया। मॉकड्रिल में स्वास्थ्य विभाग भोपाल द्वारा स्वास्थ्य आकस्मिकता की स्थिति में जीवन रक्षक कौशल का प्रदर्शन किया गया।

जिसमें रासायनिक गैसों, केमिकल्स के रिसाव की स्थिति में बचाव के उपाय, सावधानियों, प्राथमिक उपचार, रेफरल प्रोटोकॉल, सीपीआर इत्यादि का प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग का चिकित्सकीय दल, पैरामेडिकल स्टाफ 108 एम्बुलेंस मौजूद रहीं। जिन्होंने निश्चित समय सीमा में प्राथमिक उपचार एवं रेफरल को प्रदर्शित किया। इस ड्रिल का उद्देश्य प्रतिक्रिया रणनीतियों को परिष्कृत करना और आपदा प्रबंधन हितधारकों के बीच निर्बाध समन्वय सुनिश्चित करना था। मॉक ड्रिल में प्रत्येक परिदृश्य को वास्तविक जीवन की आपात स्थितियों को दर्शाने के लिए डिज़ाइन किया गया था ताकि उच्च तनाव की स्थितियों में तैयारियों का परीक्षण किया जा सके। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि अमोनिया एवं अन्य जहरीली गैसों के रिसाव में समय पर उपचार आवश्यक होता है। संयुक्त अभ्यास में स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने मिनिमम रिस्पांस टाइम में चिकित्सा सेवाओं की प्रदायगी का अभ्यास प्रदर्शन किया।

# हमीदिया में फ्री थ्रोम्बोलिसिस इलाज शुरू

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** सीहोर निवासी 40 वर्षीय मोहन कुमार को सात दिन पहले अचानक दाएं हाथ-पैर में कमजोरी महसूस हुई और कुछ ही घंटों में वह पूरी तरह लकवाग्रस्त हो गए। परिजनों ने तुरंत उन्हें भोपाल के हमीदिया अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया। यहां न्यूरोलॉजी विभाग की टीम ने मरीज की जांच के बाद उन्हें थ्रोम्बोलिसिस प्रक्रिया के तहत एक विशेष इंजेक्शन (टेनेक्टेप्लेस) दिया। इंजेक्शन लगने के अगले ही दिन मरीज की हालत में सुधार आया और वो अपने पैरों पर खड़े होने में भी सक्षम हो गया। अब मरीज पूरी तरह से स्वस्थ है। उसे गुरुवार शाम को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। हमीदिया अस्पताल ने लकवे के मरीजों के लिए नई उम्मीद जगाई है। अब तक जो इलाज सिर्फ निजी अस्पतालों में उपलब्ध था, वो हमीदिया में भी शुरू किया गया है। खास बात यह कि इस थ्रोम्बोलिसिस इलाज के लिए जरूरी टेनेक्टेप्लेस इंजेक्शन मुफ्त मिल रहा है। यह दिमाग की नसों में जमे खून के थक्के (ब्लड क्लॉट) को तोड़ कर उसे घोल देता है।



निजी अस्पतालों में यह इंजेक्शन 30 से 40 हजार रुपए में मिलता है। हमीदिया अस्पताल के न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. आयुष दुबे बताते हैं कि स्ट्रोक (लकवा) के मामलों में समय ही जीवन है। मरीज को स्ट्रोक के 4 घंटे 30 मिनट के भीतर अस्पताल पहुंचाया जाए, तो इंजेक्शन से खून का थक्का आसानी से हटाया जा सकता है। साथ ही मरीज पूरी तरह ठीक हो सकता है। इसे गोल्डन पीरियड या विंडो पीरियड कहा जाता है। लकवे का मुख्य कारण यही थक्के होते हैं, जो दिमाग तक रक्त का प्रवाह रोक देते हैं। इंजेक्शन खून को दोबारा बहाव में लाकर मस्तिष्क को पहुंचाता है, जिससे लकवा धीरे-धीरे खत्म होने लगता है।

# फ्यूचर रेडी स्किल्स पहल का शुभारंभ

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** रिलायंस फाउंडेशन और राष्ट्रीय कौशल विकास निगम ने मध्यप्रदेश में फ्यूचर रेडी स्किल्स इनिशिएटिव की शुरुआत की। इस महत्त्वाकांक्षी कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य के 700 कॉलेजों, पॉलिटेक्निक और आईटीआई संस्थानों में अध्ययनरत 5 लाख से अधिक छात्रों को एड-टेक, साइबर सुरक्षा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे भविष्य के तकनीकी क्षेत्रों में दक्ष बनाना है। इस पहल का उद्घाटन भोपाल स्थित राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) में आयोजित एमपी फ्यूचर रेडी स्किल्स कॉन्क्लेव में किया गया। सम्मेलन में विचार साझा करते हुए, मध्यप्रदेश सरकार के तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के सचिव रघुराज राजेंद्रन ने कहा, कौशल विकास का तात्पर्य केवल प्रशिक्षण नहीं, बल्कि गुणवत्ता, उपयोगिता और समयबद्ध पहुच है। सभी हितधारकों को समग्र सहयोग से एक प्रभावी स्किल ईको सिस्टम खड़ा करना चाहिए। रिलायंस फाउंडेशन की स्किलिंग प्रमुख नूपुर बहल ने कहा, हमारा विश्वास है कि फ्यूचर रेडी स्किल्स केवल बदलाव से तालमेल बिठाने के लिए नहीं, बल्कि उस बदलाव का नेतृत्व करने के लिए हैं।

### चित्रकूट में मंदाकिनी नदी के उदम स्थल से हटाया अतिक्रमण

# सती अनुसुइया क्षेत्र से हटाई गईं 100 से अधिक अवैध दुकानें, ढाई हेक्टेयर वन भूमि हुई मुक्त

**टीम ने तीन जेसीबी मशीनों की मदद से की कार्रवाई**

**मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट में चित्रकूट का समग्र विकास शामिल**




**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** चित्रकूट में शनिवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सती अनुसुइया क्षेत्र से अवैध कब्जे हटाए। राजस्व विभाग, वन विभाग और नगर परिषद की संयुक्त टीम ने ढाई हेक्टेयर वन भूमि को मुक्त कराया। मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट में चित्रकूट का समग्र विकास शामिल है।

सती अनुसुइया माता मंदिर के पास दुकानें बनाने के अलावा, लोगों ने मंदाकिनी नदी के उ–म स्थल पर भी अतिक्रमण कर रखा था। इससे नदी के प्रवाह को खतरा था।

टीम ने तीन जेसीबी मशीनों की मदद से 100 से अधिक अवैध दुकानों को ध्वस्त किया। कुछ लोगों ने स्वयं अपना कब्जा हटा लिया। उत्तर प्रदेश के व्यापारियों ने वन भूमि पर कब्जा कर निर्माण कर लिया था, जिससे क्षेत्र का विकास प्रभावित हो रहा था।

कार्रवाई के दौरान किसी तरह के विरोध को रोकने के लिए पहले से ही पुलिस बल तैनात किया गया था। एसडीएम एपी द्विवेदी, एसडीओ फॉरेस्ट अभिषेक तिवारी और नगर परिषद के सीएमओ समेत कई अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। एसडीओ फॉरेस्ट के अनुसार, वन क्षेत्र से सभी प्रकार के अतिक्रमण हटा दिए गए हैं।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों को गति प्रदान करें



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने शनिवार को जिले के अधिकारियों की बैठक लेकर 30 मार्च से संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अब तक किए गए कार्यों एवं वृक्षारोपण की कार्य योजना एवं तैयारी की विभागवार समीक्षा की। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, एसडीएम आरएन खरे, राहुल सिलाडिया, सुधीर बेक, एलआर जांगडे, कार्यपालन यंत्री आरईएस सीएल साकेत, पीएचई डीएल कनेल, एनवीडीए अजय सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी टीपी सिंह, डीपीसी विष्णु त्रिपाठी, जिला समन्वयक जन अभियान परिषद डॉ. राजेश तिवारी, जनपद के सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ एवं संबंधित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने कहा कि 30 मार्च से 30 जून तक प्रदेशव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। सभी संबंधित अधिकारी अपने विभाग को सौंप गए दायित्व और कार्य योजना के अनुसार अभियान के कार्यों में तेजी लाकर उन्हें मूर्तरूप देवें। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत कार्यों में जन प्रतिनिधि पंचायत और नगरीय निकाय के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि, मीडिया, आमजन तथा सभी विभागों की सहभागिता सुनिश्चित कराये। अभियान में अभी 10 सप्ताह का समय शेष है। सभी नगरीय निकाय तथा जनपद प्रति सप्ताह कम से कम एक बड़ा कार्यर्‍ म अपने क्षेत्र में करायें और जन सहभागिता जोड़े। अभियान के कार्यों का प्रचार-प्रसार भी सोशल मीडिया, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर करें। कलेक्टर ने कहा कि सीईओ जनपद और एसडीएम अपने क्षेत्र में आगामी बरसात में किए जाने वाले पौधरोपण के लिए फेनसिंग या बाउंड्री वाले शासकीय भूमि के पैच सुरक्षित कर लें। इसके अलावा नर्सरियों में पौधों की तैयारी भी कराये। वृक्षारोपण के लिए वही साइट चिन्हित करें जहां पौधों की सुरक्षा के लिए बाड फेनसिंग या क्लोज कैंपस की बाउंड्री और पौधों की सिंचाई के लिए जल की उपलब्धता रहे। उन्होंने विभागवार जल गंगा संवर्धन अभियान में किए जाने वाले कार्यों की जानकारी लेते हुए वृक्षारोपण के लक्ष्य की जानकारी ली। जन अभियान परिषद नवांकुर संस्थाओं और जलदूतों का कार्यों में सहयोग लें। सतना जिले में 6 प्रमुख नदियां मंदाकिनी, टमस, सतना, सेमरावल, बरुआ, अमरन, के आसपास के अतिर्‍ मण हटाए और उनके जल स्त्रोतों के पुर्नजीवन का कार्य शामिल करें। इसके साथ ही सभी पूर्व के निर्मित 113 अमृत सरोवर को यथा स्थिति राजस्व अथवा वन विभाग के रिकॉर्ड में दर्ज करायें। इस साल स्वीकृत होने वाले नए 15 अमृत सरोवर की तकनीकी स्वीकृति जारी कर स्वीकृति उपरांत मंगलवार तक मस्टर जारी कराये।

कलेक्टर ने कहा कि सभी जनपदों में 2-2 पंचायत में 2-2 हेक्टेयर जमीन का चयन करें।

## बारात में शामिल होने आए युवक की बाइक जलाई



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** सीधी जिले की रौहाल ग्राम पंचायत में किसी व्यक्ति ने सड़क किनारे खड़ी मोटरसाइकिल में आग लगा दी। घटना शनिवार शाम करीब 5.30 बजे की है। कुसमी थाना पुलिस के मुताबिक, पीड़ित हीरालाल प्रजापति सिंगरौली के कछरा के रहने वाले हैं। वह रौहाल गांव में एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। उन्होंने अपनी बाइक को पंचायत भवन के पास सड़क किनारे खड़ी की थी। बारात में शामिल होने के बाद जब वे सुबह के समय लौटे तो उनकी मोटरसाइकिल जलकर राख हो चुकी थी।घटना स्थल सुनसान इलाके में स्थित है, जहां आम लोगों की आवाजाही कम होती है। घटना के समय बाइक के आसपास कोई मौजूद नहीं था। कुसमी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हो गया है कि बाइक में आग जानबूझकर लगाई गई है। पुलिस इस करतूत के पीछे के कारणों का पता लगा रही है। पुलिस का कहना है कि दोषी की पहचान होते ही कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## रीवा जोन डीआईजी का सीधी में पहला दौरा, महिला और साइबर अपराधों पर विशेष फोकस, थाना प्रभारियों को दिए सुरक्षा के निर्देश



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** रीवा जोन के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) राजेश सिंह ने पदभार संभालने के बाद शनिवार को सीधी का पहला दौरा किया। उन्होंने जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए अधिकारियों के साथ बैठक की।

डीआईजी ने शुक्रवार को सभी थाना प्रभारियों से परिचयात्मक बैठक की थी। शनिवार को दोपहर 2 बजे सीधी पहुंचकर उन्होंने पुलिस अधीक्षक और थाना प्रभारियों को महिला अपराध, आर्थिक अपराध और साइबर क्राइम पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए।

बहरी स्थित हाईटेक थाने का निरीक्षण कर उन्होंने व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए। साथ ही साफ-सफाई, वृक्षारोपण और जनता से बेहतर संवाद पर जोर दिया। डीआईजी ने तकनीकी दक्षता और व्यावसायिक पुलिसिंग को एक साथ लाने की बात कही।

उन्होंने थाना और चौकी क्षेत्रों में पुलिस की उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए। सामुदायिक पुलिसिंग को बढ़ावा देने और राजस्व विभाग के साथ समन्वय कर जमीन विवादों के समाधान पर भी जोर दिया।

डीआईजी ने लाउडस्पीकर के माध्यम से जनता को साइबर अपराध, नशे के दुष्प्रभाव और महिला-बाल अपराधों के प्रति जागरूक करने को कहा। ग्राम रक्षा समिति को सक्रिय करने और मुखबिर तंत्र को मजबूत करने के भी निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पुलिस लाइन, कंट्रोल रूम और सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। पुलिसकर्मियों को आम नागरिकों से संतुलित और सहयोगी व्यवहार रखने की सलाह दी। यह दौरा जिले की कानून व्यवस्था और जनसुरक्षा को नई दिशा देने वाला साबित हुआ।

## नगर निगम और सीवर लाइन के कार्यों को गति दें-प्रतिमा बागरी



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।**नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने शनिवार को सतना नगर निगम क्षेत्र में जारी विकास परियोजना की प्रगति तथा शहरी व्यवस्थाओं के संबंध में समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि नगर निगम विकास परियोजना के कार्यों और सीवर लाइन के कार्यों में गति लाकर गुणवत्ता के साथ विकास कार्यों को पूरा करें। इस मौके पर महापौर योगेश ताम्रकार, स्पीकर राजेश चतुर्वेदी, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, सिटी मजिस्ट्रेट राहुल सिलाडिया, सीएसपी महेन्द्र सिंह चौहान, थाना प्रभारी रावेन्द्र द्विवेदी, पीडीएमसी से पंकज श्रीवास्तव, बीएसएनएल केडी जीएम, एमडीओ एवं सीवर कार्य के दोनों संविदाकार मेसर्स इन्वायर प्रोजेक्ट, स्नेहल कन्स्ट्रक्शन भी उपस्थित थे।

राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने सतना शहर में सीवर नेटवर्क बिछाने की परियोजनाओं की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विगत बैठक में संविदाकार द्वारा दिये गये आश्वासनों के अनुरूप प्रगति नहीं लाई गई है। संविदाकार स्नेहल कन्स्ट्रक्शन ने आगामी 15 दिवस में शेष कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया। अन्य संविदाकार एनविराड प्रोजेक्टस के कार्य भी विलम्ब से पाये जाने पर राज्यमंत्री ने आयुक्त नगर निगम को नियमानुसार दोनों संविदाकारों पर एलडी अधिरोपित करने के निर्देश दिये। शहर के विभिन्न क्षेत्रों विशेष रूप से स्टेशन रोड, सुभाष पार्क, सिंधी कैम्प, पंजाबी कॉलोनी तथा ईदगाह चौक से झूलेलाल मंदिर तक जाम की समस्या से निजात के लिए सडक किनारे के एवं सार्वजनिक स्थलों पर किये गये अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये गये। राज्यमंत्री ने कहा कि नगर निगम प्रशासन, सिटी मजिस्ट्रेट और नगर पुलिस अधीक्षक संयुक्त समन्वय से विशेष अभियान चलाकार अतिर्‍ मण हटाने की प्रभावी कार्यवाही करें।

## सीधी में बिजली कंपनी की प्री-मानसून तैयारी, 5 दिन सुबह 7 से दोपहर 12 बजे तक होगी कटौती



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने सीधी शहर में प्री-मानसून तैयारियों की शुरुआत कर दी है। कंपनी 20 से 24 अप्रैल तक बड़े पैमाने पर मेंटेनेंस का काम करेगी। इस दौरान रोजाना सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक विभिन्न इलाकों में चरणबद्ध तरीके से बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। पावर हाउस स्थित 33/11 केवी उपकेन्द्र की लाइनों और वितरण ट्रांसफॉर्मर की मरम्मत के लिए 150 कर्मचारियों की टीम तैनात की गई है। यह काम मानसून से पहले पूरा किया जाएगा। इससे बारिश के मौसम में बिजली आपूर्ति सुचारू रह सकेगी। कंपनी ने दिनवार कटौती का शेड्यूल जारी कर दिया है। 20 अप्रैल को सिटी 2 फीडर के हॉस्पिटल चौक, सम्राट चौक और पुलिस लाइन में बिजली नहीं रहेगी। 20 और 21 अप्रैल को गोपालदास फीडर के गोपालदास मंदिर, नया बस स्टैंड और मुठिगमा में कटौती होगी।

22 अप्रैल को सिटी 1 फीडर के अमहा, इंद्रनगर और थनहवा टोल में बिजली गुल रहेगी। 23 अप्रैल को हाउसिंग बोर्ड फीडर की प्रियदर्शनी नगर कॉलोनी में कटौती होगी। 24 अप्रैल को कॉलेज फीडर के करौंदिया उत्तर और अर्जुन नगर में आपूर्ति बाधित रहेगी।

## कटाई उपरांत नरवाई जलाने पर देना होगा जुर्माना



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** उपसंचालक कृषि संजय श्रीवास्तव ने बताया कि फसल अवशेषों का उचित प्रबंध न कर पाने के कारण ज्यादातर किसान अपनी फसलों की कटाई के बाद खेत को साफकरने के लिए खेत में बचे फसल अवशेष को आग लगा देते हैं। किसान अच्छी तरह समझता है कि वह नरवाई जलाकर वातावरण को प्रदूषित कर रहा है। फिर भी वह अपनी निजी सुविधा के लिए नरवाई जलाना नहीं छोड़ रहा है।

उपसंचालक कृषि ने बताया कि पर्यावरण सुरक्षा, जन-स्वास्थ्य एवं जीव-जन्तुओं की जीवन सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश के परिपालन में पर्यावरण प्रदूषण एवं नियंत्रण अधिनियम 1981 के तहत मध्यप्रदेश शासन ने धान एवं गेंहू तथा अन्य फसल की कटाई के बाद नरवाई जलाना प्रतिबंधित किया है। इसका उल्लंघन किये जाने पर संबंधित से पर्यावरण क्षतिपूर्ति के रूप के जुर्माना लिया जावेगा। उन्होंने बताया कि जिन किसानों के पास 2 एकड़ से कम भूमि वाले किसान होने पर 2500 रूपये का जुर्माना लिया जायेगा। इसी प्रकार 2 एकड़ से 5 एकड़ भूमि वाले किसान होने पर 5 हजार रूपये का जुर्माना तथा 5 एकड़ से ज्यादा भूमि वाले किसान होने पर 15 हजार रूपये का जुर्माना लिया जायेगा। उपसंचालक कृषि ने सभी किसान भाईयों एवं बहनों से अपील की है कि पर्यावरण सुरक्षा एवं मृदा स्वास्थ्य संरक्षण हेतु नरवाई कतई न जलाएं अन्यथा नियमों की अवहेलना करने पर पर्यावरण क्षतिपूर्ति के रूप में जुर्माना देना पड़ सकता है।

## बंगाल में हिंदू हिंसा के खिलाफ विश्व हिंदू परिषद में दिया ज्ञापन




**मीडिया ऑडीटर, रीवा (एजेंसी)।** 19 अप्रैल, शनिवार को जिला केंद्र कलेक्ट्रेट परिसर पर विशाल संख्या में आक्रोश प्रदर्शन और जिलाधिकारी को महा महिमा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन देते हुए जिला मंत्री दिव्यांशु गौतम ने बताया की पिछले एक सप्ताह से वक्फ अधिनियम के बहाने से पश्चिम बंगाल में हिंदू लक्षित हिंसा और दंगों द्वारा हिंदुओं का उत्पीड़न बड़े स्तर पर चल रहा है। हजारों की संख्या में पीड़ित हिंदू परिवार अपने ही राज्य में निर्वासित होने पर विवश हुए हैं। राज्य सरकार की किसी भी प्रकार की कार्यवाही हिंदू परिवारों की सुरक्षा निमित्त दृष्टिगत नहीं हुई है। स्पष्टतः इसके मूल में मुस्लिम तुष्टिकरण की दुर्भावना ही है। ऐसी पक्षपाती सरकार के रहते हिंदू परिवारों के जीवन, सम्मान और सम्पति की रक्षा संभव नहीं है।

ऐसी हिंदू विरोधी सरकार को निलंबित कर राष्ट्रपति शासन लागू करने से ही हिंदू समाज के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा संभव है, यह परिषद् की सुविचारित राय एवं मांग है। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुई हिंदुओं की नृशंस हत्या, उपद्रव, आगजनी, हिंसा, लूटपाट और बड़े पैमाने पर पलायन की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए आज कहा है कि विरोध प्रदर्शन तो देश भर में होते हैं लेकिन, हिंसा और हिंदुओं पर हमले व्यापक पैमाने पर बंगाल में ही क्यों होते हैं! उन्होंने मुर्शिदाबाद की संपूर्ण घटना की राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए से जांच की मांग करते हुए कहा कि मालदा में राहत शिविरों में रहने को मजबूर हिंदू समाज की सहायता के लिए आगे आने वाली संस्थाओं को सेवा से रोकना भी एक अमानवीय कृत्य है।

हिंदुओं पर जगह-जगह हो रहे जिहादियों के हमलों पर मौन साधे राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी यह तो कहती हैं कि ये हमले पूर्व नियोजित थे जिनमें विदेशी बांग्लादेशियों का हाथ है और यह मामला अंतरराष्ट्रीय है किंतु, फिर भी वे घटना की छ्प। (NIA (@NIA_India ) से जांच की मांग क्यों नहीं करतीं? हमारा मानना है कि पीड़ित हिंदुओं को न्याय मिलना चाहिए और हमलावर जिहादियों को कठोर दंड। जिनकी संपत्ति लूटी गई है, जलाई गई है या खंडित की गई है उसकी अविलंब भरपाई हो और राज्य में हिंदुओं को सुरक्षा मिले। किसी ना किसी मुद्दे पर देश भर में विरोध प्रदर्शन तो होते ही रहते हैं किंतु, उन प्रदर्शनों के नाम पर हिंदुओं पर हमले और उनकी नृशंस हत्याएं पिछले कुछ वर्षों में बंगाल में एक चलन सा बन गई है। यह सरकारी उदासीनता व ऐसे अतिवादी और सामाजिक तत्वों को सत्ताधारी दल के प्रत्यक्ष या परोक्ष समर्थन के बिना संभव नहीं है। अतः इस बात की भी जांच होनी चाहिए कि विरोध चाहे किसी से भी हो प्रदर्शकारी हिंदुओं को ही टारगेट क्यों करते हैं?

मुर्शिदाबाद से मालदा में निर्वासित जीवन जीने को मजबूर हिंदू समाज की दुखती रग़ पर मरहम लगाने या उन्हें सांत्वना देने की बात तो दूर, सरकार द्वारा उन पीड़ित हिंदू बहन, बेटियों, बच्चों, बुजुर्गों व अन्य लोगों की सहायतार्थ जो समाज सेवी संगठन आगे आए थे, उनको भी खाना, पानी, भोजन या अन्य प्रकार की जीवन की जरूरी सुविधा देने का प्रयास कर रहे थे, उस पर भी शासन का कहर टूट पड़ा। कल से उनको भी सहायता करने से शासन ने मना कर दिया गया है। वे कहते हैं कि राहत सामग्री हमें दो। हम सामग्री बाटेंगे। यह किस तरह का व्यवहार है? क्या यह मानवीय जीवन मूल्यों से एक खिलवाड़ नहीं! यदि शासन को खुद ही बांटना होता तो फिर समाज सेवी संस्थाएं को आगे ही क्यों आना पड़ता। उन्होंने कहा कि अनेक ऐसे पीड़ित परिवारों को, सरकार अपनी कमी छुपाने के लिए, जबरन मुर्शिदाबाद वापस भेज रही है। जबकि परिवार कह रहे हैं कि जब तक वहां पर केंद्रीय सुरक्षा बलों द्वारा सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था न हो हमारा जीवन खतरे में है। हम जान जोखिम में डाल कर वहां नहीं जाएंगे। किंतु, राज्य सरकार द्वारा हिंदुओं को जबरन उन भेड़ियों के सामने फेंकना क्या उन्हें जीते जी मारने जैसा नहीं? अपने इस निर्णय पर राज्य सरकार पुनर्विचार करे। ज्ञापन देने में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी व हिंदू समाज के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जिला प्रशासन की पहल पर सात मजदूरों को हुआ मजदूरी का भुगतान

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सहायक श्रमायुक्त रीवा संभाग ने बताया कि जिला प्रशासन मैहर को जिला कांकेर (छत्तीसगढ़) कलेक्टर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि मैहर जिला अंतर्गत दुर्गा बोरवेल्स में ग्राम बेलोण्डी आमा बेडा तहसील अंतागढ़ जिला कांकेर के 7 श्रमिक कार्यरत है। जिनकी मजदूरी का भुगतान नहीं किया जा रहा है। प्रभारी श्रम पदाधिकारी मैहर द्वारा 7 श्रमिकों में से 1 श्रमिक अर्जुन राम नेताम से दूरभाष पर संपर्क कर जानकारी ली गई। जानकारी के अनुसार समस्त 7 श्रमिक तहसील रामपुर बाघेलान अंतर्गत ग्राम चोरमारी के निकट दुर्गा बोरवेल्स में बोरिंग के कार्य में संलग्न थे। प्रभारी श्रम पदाधिकारी मैहर द्वारा प्रभारी सहायक श्रमायुक्त सतना को सूचना से अवगत कराया गया।

कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस एवं कलेक्टर मैहर रानी बाटड के मार्गदर्शन में दोनों जिले के श्रम विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), रामपुर बाघेलान को अवगत कराते हुए ग्राम चोरमारी पहुंचकर छत्तीसगढ़ के 7 श्रमिकों के प्रकरण दर्ज किये गये। इसके बाद छत्तीसगढ निवासी सभी 7 श्रमिकों में अर्जुन रामनेताम, चेतन कुमार, सनेश कुमार, राजेन्द्र कुमार, सन्दीप कुमार, बजरंग नेताम एवं श्यामलाल को तहसील कार्यालय रामपुर बाघेलान लाया गया। तहसील कार्यालय में ही बोरवेल के संचालक ब्रजेश पटेल को भी सभी दस्तावेजों के साथ बुलाया गया। सभी श्रमिकों की बकाया मजदूरी की गणना कर 2 लाख 80 हजार रूपये का तत्काल भुगतान श्रमिकों को कराया गया।

# विचार

## .....जहां पाकिस्तान भारत से हर रोज़ हारता है!

भारत -पाकिस्तान की बीच अमृतसर से लाहौर जा रहे राष्ट्रीय राजमार्ग पर अटारी-बाघा बॉर्डर दोनों देशों के लिए अपनी अपनी राष्ट्रभक्ति प्रदर्शित करने और प्रत्येक दिन कम से कम एक बार दोनों देशों के सैनिकों द्वारा हाथ मिलाने से मधुरता का न सही एक पड़ोसी देश के साथ औपचारिक रिश्ता जरूर बना हुआ है। भारत मे पाकिस्तान की सीमा को अटारी गांव जोड़ता है,तो पाकिस्तान का बाघा गांव भारत की सीमा से सटा हुआ है।अमृतसर से करीब 30 किलोमीटर दूर अटारी-बाघा बॉर्डर पर बीटिंग रिट्रीट समारोह का आयोजन दोनों देशों द्वारा सन 1959 में शुरू हुआ था,जो आज तक बदस्तूर जारी है।राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत यह समारोह देश और दुनिया में काफी प्रसिद्ध है।अटारी-बाघा बॉर्डर पर बीटिंग रिट्रीट समारोह का आयोजन सर्दियों में शाम चार बजे और गर्मियों में शाम 5.15 बजे शुरू होता है। यहां प्रवेश करने का समय 3 बजे शुरू होता है और सीट पहले आओ और पहले पाओ के आधार पर मिलती है। अटारी-बाघा बॉर्डर पर होने वाले बीटिंग रिट्रीट समारोह में भारत की सीमा सुरक्षा बल के जवान और पाकिस्तानी रेंजर्स फोर्स एक साथ मिलकर अपनी अपनी सीमाओं में शानदार परेड व शौर्य का प्रदर्शन करते हैं। जिसे देखने के लिए हर रोज हजारों की संख्या में पर्यटक व नागरिक भाग लेते हैं।

भारत-पाकिस्तान सीमा पर स्थित अटारी-वाघा बॉर्डर भारत और पाकिस्तान की सीमा के बीच स्थित एक सीमा क्रॉसिंग है। जमीन मार्ग से यहीं से एक दूसरे देश मे आया व जाया जा सकता है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर अटारी- वाघा बॉर्डर भारत और पाकिस्तान के बीच एक सीमा रेखा बनी हुई है। जिसे रेडक्लिफ रेखा के नाम से जाना जाता है।इस रेखा का नाम ब्रिटिश वकील सर सिरिल रेडक्लिफ के नाम पर रखा गया है, जो देश बंटवारे के समय सीमांकन करने के लिए जिम्मेदार रहा। इस आयोजन के तहत सीमा द्वार बंद करने की सैन्य परंपरा हैं, लेकिन यह एक बेहद कोरियोग्राफ़्ड और लोकप्रिय सार्वजनिक सैन्य प्रदर्शन बन गया है, जो पर्यटकों और स्थानीय लोगों को आकर्षित करता है। वाघा बॉर्डर समारोह ऐतिहासिक संघर्षों और राजनीतिक तनावों के बीच भी भारत और पाकिस्तान के बीच शांति और सहयोग की स्थायी उम्मीद का प्रतीक बना हुआ है। यह भारत के अमृतसर व पाकिस्तान के लाहौर आने वाले आगंतुकों के लिए सांस्कृतिक अनुभव का हिस्सा बन गया है सन1959 से दोनों देश यहां रोजाना झंडा उतारने की रस्म निभाते आ रहे हैं। अगस्त 2017 में भारत ने वाघा बॉर्डर के भारतीय हिस्से अटारी में 110 मीटर ऊंचा झंडा फहराया था। जवाब में पाकिस्तान ने अपनी तरफ 122 मीटर ऊंचा झंडा फहराया। भारत की तरफ वाला झंडा फहराने वाला झंडा देश में सबसे ऊंचा है, जबकि पाकिस्तान की तरफ वाला झंडा दक्षिण एशिया में सबसे ऊंचा माना जाता है। सन 1947 में देश को स्वतंत्रता मिलने के बाद से ही यह बॉर्डर दोनों देशों के बीच सड़क संपर्क के रूप में काम कर रहा है।

# हार्वर्ड विश्वविद्यालय के खिलाफ ट्रंप ने यों छेड़ी जंग?

**ट्रंप प्रशासन और हार्वर्ड विश्वविद्यालय यदि अपनी अपनी बात पर अड़े रहे तो यह तय है कि फंडिंग रुकने और वीजा के खतरे में होने के चलते वैश्विक छात्रों के लिए इस विश्वविद्यालय में पढ़ाई जारी रख पाना या यहां पढ़ने के लिए आ पाना मुश्किल हो जायेगा। अमेरिका और चीन के बीच चल रहे टैरिफ युद्ध से ज्यादा चर्चे इस समय अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रतिष्ठित अमेरिकी विश्वविद्यालय हार्वर्ड के बीच छिड़ी जंग के हैं। हम आपको बता दें कि हार्वर्ड विश्वविद्यालय वह जगह है जहाँ मार्क जुकरबर्ग ने अपने सहपाठियों की रेटिंग करने के लिए फेसबुक का प्रोटोटाइप बनाया था और जहाँ आठ अमेरिकी राष्ट्रपतियों ने शासन करने की कला सीखी। हार्वर्ड दुनिया का सबसे अमीर विश्वविद्यालय है जहां से दुनियाभर के तमाम शासकों, उद्योगपतियों और विभिन्न क्षेत्रों की जानीमानी हस्तियों ने शिक्षा ग्रहण की है। यह विश्वविद्यालय साथ ही अभिजात वर्ग की महत्वाकांक्षा और बौद्धिक अहंकार का भी प्रतीक है। इस विश्वविद्यालय की एक पहचान यह भी है कि डोनाल्ड ट्रंप इससे नफरत करते हैं। ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल में इस विश्वविद्यालय को झुकाने के लिए साम दाम दंड भेद, सबका इस्तेमाल कर रहे हैं लेकिन हार्वर्ड सीना तान कर खड़ा है।**



हम आपको बता दें कि ट्रंप प्रशासन के तहत अमेरिका के गृह मंत्रालय ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय को ताजा चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर वह अंतरराष्ट्रीय छात्र वीजा धारकों की अवैध और हिंसक गतिविधियों के बारे में 30 अप्रैल तक रिकॉर्ड उपलब्ध कराने में विफल रहता है तो विदेशी छात्रों को दाखिला देने की विश्वविद्यालय की प्रक्रिया पर रोक लगा दी जाएगी। अमेरिकी गृह मंत्रालय ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय को दिए गए 27 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक के अनुदान को भी रद्द कर दिया है। हम आपको बता दें कि हार्वर्ड के खिलाफ ट्रंप प्रशासन की यह ताजा कार्रवाई 2.2 अरब अमेरिकी डॉलर के संघीय वित्त पोषण पर रोक लगाने के बाद की गई है क्योंकि विश्वविद्यालय ने प्रशासन की मांगों की एक सूची को अस्वीकार कर दिया था। अमेरिकी प्रशासन ने विश्वविद्यालय की कट्टरपंथी विचारधारा के कारण उसके कर-मुक्त दर्जे को रद्द करने का भी प्रस्ताव रखा है। अमेरिकी गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा, गृह मंत्री क्रिस्टी नोएम ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय को दिए जाने वाले कुल 27 लाख डॉलर के दो अनुदानों को रद्द करने की घोषणा की है। बयान में कहा गया है, मंत्री ने एक पत्र भी लिखा है, जिसमें 30 अप्रैल 2025 तक हार्वर्ड के विदेशी छात्र वीजा धारकों की अवैध और हिंसक गतिविधियों के बारे में विस्तृत रिकॉर्ड मांगा गया है। बयान में कहा गया है कि रिकॉर्ड उपलब्ध न कराए जाने पर विदेशी छात्रों को दाखिला देने की विश्वविद्यालय की प्रक्रिया पर रोक लगा दी जाएगी।

वैसे, ट्रंप प्रशासन और हार्वर्ड विश्वविद्यालय यदि अपनी अपनी बात पर अड़े रहे तो यह तय है कि फंडिंग रुकने और वीजा के खतरे में होने के चलते वैश्विक छात्रों के लिए इस विश्वविद्यालय में पढ़ाई जारी रख पाना या यहां पढ़ने के लिए आ पाना मुश्किल हो जायेगा। अमेरिका में जहां एक वर्ग ट्रंप के कदम का समर्थन कर रहा है तो एक वर्ग ऐसा भी है जोकि ट्रंप प्रशासन के कदम को शिक्षण संस्थानों पर हमला मानते हुए हार्वर्ड विश्वविद्यालय के साथ खड़ा नजर आ रहा है। हम आपको बता दें कि ट्रंप प्रशासन का हार्वर्ड पर सबसे बड़ा आरोप यह है कि यह विश्वविद्यालय यहूदी छात्रों को भेदभाव और कैंपस शत्रुता से बचाने में विफल रहा, खासकर फिलिस्तीनी विरोध प्रदर्शनों के दौरान।

हम आपको यह भी बता दें कि हार्वर्ड ट्रंप के निशाने पर आज से नहीं है बल्कि यह निशाने पर तब आया था जब इस विश्वविद्यालय के छात्रों के कुछ समूहों ने 7 अक्टूबर 2023 को हमास की ओर से इजराइल पर हमले के बाद एक बयान जारी किया था जिसमें गाजा में हिंसा को बढ़ाने के लिए इज़राइल को दोषी ठहराया गया था। इस बयान ने इस विश्वविद्यालय के प्रमुख दानदाताओं के आक्रोश को भड़का दिया था जिसमें हेज फंड अरबपति बिल एकमैन भी शामिल हैं। उन्होंने हार्वर्ड की नैतिक कायरता के खिलाफ एक अभियान भी चलाया था। उसी समय से ट्रंप गुस्से में थे और जब उन्होंने यह देखा कि हार्वर्ड ने उनके आदेश को मानने से इंकार कर दिया है तो उनका आक्रोश भड़क गया। ट्रंप ने अपने प्रशासन को कार्रवाई के निर्देश दिये जिसके चलते कुछ समय पहले होमलैंड सिक्योरिटी विभाग ने हार्वर्ड की अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को नामांकित करने की क्षमता की समीक्षा शुरू की थी। इसके समानांतर उस आरोप की भी जांच शुरू हुई जिसमें कहा गया था कि हार्वर्ड ने यहूदी छात्रों के लिए शत्रुतापूर्ण माहौल बनाने की अनुमति दी।

दूसरी ओर, हार्वर्ड के रुख का समर्थन कर रहे लोगों का कहना है कि यदि सरकार फंडिंग फ्रीज और इमिग्रेशन कंट्रोल के माध्यम से हार्वर्ड की नीतियों को मोड़ने में सफल हो जाती है, तो कोई भी अन्य कैंपस विरोध करने में सुरक्षित महसूस नहीं करेगा। उनका कहना है कि आज हार्वर्ड की बारी है कल को कोलंबिया, पेन, एमआईटी और स्टैनफोर्ड को इस स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। इस समय की स्थिति को देखें तो हार्वर्ड अपनी स्वायत्तता बनाए रखने के लिए लड़ रहा है। जबकि राष्ट्रपति ट्रंप अमीर शिक्षाविदों को अपनी इच्छा के अनुसार चलाने के लिए दृढ़ नजर आ रहे हैं। ट्रंप ने विश्वविद्यालय पर ताजा हमले में अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर कहा, हार्वर्ड को अब सीखने का एक सभ्य स्थान भी नहीं माना जा सकता है और इसे दुनिया के महान विश्वविद्यालयों या कॉलेजों की किसी भी सूची में नहीं माना जाना चाहिए। उन्होंने लिखा, हार्वर्ड एक मज़ाक है, नफरत और मूर्खता सिखाता है और उसे अब सरकारी अनुदान नहीं मिलना चाहिए। ट्रंप का कहना है कि हार्वर्ड स्पष्ट रूप से यहूदी विरोधी है। उन्होंने कहा कि हार्वर्ड कट्टरपंथी वामपंथियों, मूर्खों और पक्षपाती दिमाग वाले लोगों को काम पर रख रहा है, जो केवल छात्रों और तथाकथित भविष्य के नेताओं को असफलता सिखाने में सक्षम हैं। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया पर यह भी पोस्ट किया था कि हार्वर्ड यदि छात्रों के चयन और प्रोफेसरों के अधिकार सहित विश्वविद्यालय को चलाने के तरीके को बदलने की उनकी मांगों को नहीं मानता है तो उसको अपना कर-मुक्त दर्जा खो देना चाहिए और एक राजनीतिक इकाई के रूप में इस पर कर लगाया जाना चाहिए।

हम आपको यह भी बता दें कि ट्रंप और उनकी व्हाइट हाउस टीम ने विश्वविद्यालयों पर अपने दबाव के अभियान को अनियंत्रित होती यहूदी-विरोधी भावना और फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास के समर्थन की प्रतिक्रिया के रूप में उचित ठहराया है। व्हाइट हाउस के प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने पत्रकारों से कहा कि ट्रंप हार्वर्ड को माफ़ी मांगते देखना चाहते हैं और हार्वर्ड को माफ़ी मांगनी चाहिए। हम आपको बता दें कि व्हाइट हाउस ने दर्जनों विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को संघीय निधि खत्म करने की धमकी दी है।

वहीं जवाब में हार्वर्ड ने कहा है कि उसकी टैक्स फ्री स्थिति को रद्द करने का कोई कानूनी आधार नहीं है। हार्वर्ड ने यह भी कहा है कि वह अपनी भर्ती, प्रवेश और शिक्षण योजनाओं में कोई बदलाव नहीं करेगा। हम आपको यह भी बता दें कि हार्वर्ड इस समय ट्रंप के खिलाफ अकेला खड़ा है जबकि कई अन्य अमेरिकी विश्वविद्यालय व्हाइट हाउस के तीव्र दबाव के आगे झुक गये है। न्यू यॉर्क में कोलंबिया विश्वविद्यालय अपनी संघीय निधि में 400 मिलियन की कटौती की धमकी के बाद अपने मध्य पूर्वी विभाग की निगरानी कराने के लिए सहमत हो गया है। इसके अलावा, दर्जनों विश्वविद्यालय ट्रंप प्रशासन से सीधे तो नहीं भिड़ रहे लेकिन अदालत में व्यापक शोध निधि कटौती के खिलाफ लड़ रहे हैं, क्योंकि फंड नहीं मिलने से कर्मचारियों की छंटनी करनी पड़ रही है और अमेरिकी शिक्षाविदों के बीच गहरी अनिश्चितता पैदा हुई है।

बहरहाल, हम आपको बता दें कि कई अमेरिकी विश्वविद्यालयों को किसी न किसी तरह का संघीय वित्त पोषण मिलता है, जो ज़्यादातर दवा विकास जैसे क्षेत्रों में वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए होता है। जनवरी में ट्रंप के दोबारा कार्यभार संभालने के बाद से स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी जैसे ख्याति प्राप्त संस्थानों को संघीय निधियों में कमी के कारण भर्ती रोकनी पड़ी है और बजट में कटौती करनी पड़ी है। इस सबका असर उन विदेशी छात्रों पर भी पड़ रहा है जो अमेरिकी विश्वविद्यालयों में दाखिला लेने की योजना बना रहे थे। हार्वर्ड के पास पैसा और प्रतिष्ठा दोनों है, देखना होगा कि ट्रंप से भिड़ने के दौरान यह दोनों ताकत उसका कितना साथ देती हैं?

# आखिर न्यायपालिका को सुपर संसद के रूप में काम करने की इजाजत किसने दी?

भारतीय लोकतंत्र में विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका, खबरपालिका और समाजपालिका में पारस्परिक टकराव कोई नई बात नहीं है, लेकिन यह जनहित में होना और दिखाई देना चाहिए। लेकिन अब जिस तरह से अपनी नाकामियों और चरित्रहीनता को छिपाने के लिए ये लोग संवैधानिक नियमों का दुरूपयोग कर रहे हैं, वह किसी वैचारिक त्रासदी से कम नहीं है। देश के प्रबुद्ध लोगों को इन संवैधानिक कमियों को पहचानना चाहिए और उसपर अविलंब लीगल सर्जिकल स्ट्राइक करने का दबाव भारतीय संसद और सुप्रीम कोर्ट दोनों पर बनाना चाहिए।

इस बात में कोई दो राय नहीं कि राष्ट्रीय संसाधनों के न्यायपूर्ण बंटवारे, विधि-व्यवस्था को बनाए रखने और उसे तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और सबको समान रूप से गुणवत्तापूर्ण जन सुविधाएं मुहैय्या करवाने में हमारी संसद और सर्वोच्च न्यायालय दोनों असफल साबित हुए हैं और इनके ऊलजलूल तर्कों से देश इस्लामिक चरमपंथियों के नापाक मंसूबों को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ता हुआ प्रतीत हो रहा है! राष्टपति शासन, आरक्षण विवाद, भाषा विवाद, धर्मनिरपेक्षता आदि सुलगते सवालों पर राष्ट्र का सही मार्गदर्शन करने में भी ये संस्थाएं विफल प्रतीत हो रही हैं। ऐसे में इनकी नकेल कसने के लिए भारतीय संविधान कभी कारगर साबित हो ही नहीं सकता, क्योंकि यह खुद साम्राज्यवादी मानसिकता वाले विरोधाभासों से भरा पड़ा है। ऐसे में देश के उपराष्टपति जगदीप धनखड़ की यह टिप्पणी वाजिब है कि न्यायपालिका द्वारा राष्टपति के निर्णय लेने के लिए समयसीमा तय करने, और %सुपर संसद% के रूप में काम करने की इजाजत नहीं दी जा सकती है, इसलिए उन्होंने इस विषय को लेकर महत्वपूर्ण सवाल उठाए हैं, जो उनके प्रबुद्ध होने का परिचायक है। देश के विश्वविद्यालयों और अन्य पेशेवर संगठनों को इन पर गौर फरमाते हुए आम राय कायम करने की जरूरत है। उन्होंने ठीक ही कहा है कि सुप्रीम कोर्ट लोकतांत्रिक ताकतों पर परमाणु मिसाइल नहीं दाग सकता! उपराष्टपति धनखड़ ने आरोप लगाया है कि भारतीय संविधान का अनुच्छेद-142 लोकतांत्रिक ताकतों के खिलाफ एक परमाणु मिसाइल बन गया है जो न्यायपालिका के लिए चौबीसों घंटे उपलब्ध है। बता दें कि संविधान का अनुच्छेद 142 सुप्रीम कोर्ट को अपने समक्ष किसी भी मामले में %पूर्ण न्याय% सुनिश्चित करने के लिए आदेश जारी करने की शक्ति देता है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया है और कहा है कि, %हमारे पास ऐसे जज हैं जो कानून बनाएंगे, जो कार्यपालिका के काम करेंगे और उनकी कोई जवाबदेही नहीं होगी, क्योंकि देश का कानून उन पर लागू नहीं होता है।%




उपराष्टपति जगदीप धनखड़ ने 17 अप्रैल 2025 दिन गुरुवार को कहा कि हाल ही में जूडिशरी के एक फैसले में राष्टपति को निर्देश दिये जाने की पनपी नई प्रवृत्ति पर ठीक ही सवाल किया कि हम किस दिशा में जा रहे है? हमने इस दिन के लिए लोकतंत्र की कभी उम्मीद नहीं की थी। राष्टपति को समयबद्ध तरीके से निर्णय लेने के लिए कहा जाता है। धनखड़ ने यह टिप्पणी राज्यसभा के ट्रेनीज को संबोधित करते हुए की। उन्होंने ठीक ही कहा कि हम ऐसी स्थिति नहीं बना सकते जहां आप भारत के राष्टपति को निर्देश दें। उन्होंने कहा कि यह निर्देश किस आधार पर दिए जा रहे हैं? संविधान के तहत आपके पास एकमात्र अधिकार अनुच्छेद 145(3) के तहत संविधान की व्याख्या करना है। उन्होंने शक्तियों के पृथक्करण पर कहा कि जब सरकार जनता द्वारा चुनी जाती है, तो सरकार संसद के प्रति तथा चुनावों में जनता के प्रति जवाबदेह होती है। उन्होंने कहा कि समय आ गया है जब विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका फले-फूलें। किसी एक के द्वारा दूसरे के क्षेत्र में हस्तक्षेप चुनौती पैदा करता है, जो अच्छी बात नहीं है।

उपराष्टपति जगदीप धनखड़ ने हाई कोर्ट के जज यशवंत वर्मा के घर से बड़े पैमाने पर नकदी की बरामदगी से जुड़े मामले में एफआईआर दर्ज न किए जाने पर सवाल उठाया है। उन्होंने ठीक ही कहा कि अगर यह घटना आम आदमी के घर पर हुई होती, तो मामले में रॉकेट की रफ्तार से एफआईआर दर्ज की जाती। जबकि न्यायपालिका की स्वतंत्र जांच या पूछताछ के खिलाफ किसी तरह का सुरक्षा कवच नहीं है। उन्होंने ठीक ही कहा है कि किसी संस्था या व्यक्ति को पतन की ओर धकेलने का सबसे पुख्ता तरीका उसे जांच से सुरक्षा की पूर्ण गारंटी प्रदान करना है।

उपराष्टपति जगदीप धनखड़ ने दिल्ली हाइकोर्ट के एक जज के घर मिले कथित कैश की ओर इशारा करते हुए उस पर लीपापोती की नाजायज प्रवृत्ति पर भी सवाल उठाए। धनखड़ ने दो टूक शब्दों में कहा कि हाई कोर्ट के एक जज के घर से मिले कैश से जुड़े मामले में एफआईआर न होना आमलोगों के सवालों के घेरे में है। इसलिए सवाल उठाया कि क्या %कानून से परे एक श्रेणी% को अभियोजन से छूट है। उन्होंने ठीक ही कहा कि जूडिशरी की स्वतंत्र जांच या पूछताछ के खिलाफ किसी तरह का %सुरक्षा कवच% नहीं है। एक पत्रकार के रूप मेरी भी व्यक्तिगत राय है कि न्यायिक भ्रष्टाचार की जांच के लिए न्यायिक पुलिस और पत्रकारिता के भ्रष्टाचार की जांच के लिए मीडिया पुलिस का अविलंब गठन किया जाए। प्रशासनिक व्यवस्था के किसी भी क्षेत्र को स्वनियमन बनाने और लागू करने की छूट नहीं दी जाए।

इसलिए यहां पर सवाल उठता है कि आखिर न्यायपालिका को %सुपर संसद% के रूप में काम करने की इजाजत किसने दी? मेरा स्पष्ट मानना है कि देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से लेकर मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्राप्त भारी जनसमर्थन का रणनीतिक दुरूपयोग किया, जिससे न्यायपालिका को विधायिका को दुरुस्त करने का मौका मिल गया, जो अनुचित नहीं है। किसी भी राष्टपति, उपराष्टपति, प्रधानमंत्री, उपप्रधानमंत्री, राज्यपाल, उपराज्यपाल, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री आदि को वोट बैंक के लिहाज से जनविरोधी या राष्ट विरोधी फैसले लिए जाने की इजाजत नहीं दी जा सकती है। ऐसे में मजबूत व स्वतंत्र न्यायपालिका जरूरी है। लेकिन भ्रष्ट न्यायपालिका कतई नहीं! देश में फैला न्यायिक भ्रष्टाचार हमारी विधायिका की लगभग 8 दशकों की बड़ी लापरवाही है। वहीं, प्रशासनिक भ्रष्टाचार में भी विधायिका का परोक्ष रूप से हिस्सेदार बन जाने की प्रवृत्ति भी अस्वीकार्य है। सारे टकराव की वजह भी यही भ्रष्ट और अनैतिक आचरण है। मेरा स्पष्ट मानना है कि भारतीय संविधान से नौंवी अनुसूची को हटाकर उसमें शामिल किए गए सभी विषयों की न्यायिक समीक्षा होनी चाहिए, ताकि राजनीतिक मनमानी रूके। वहीं, भारतीय प्रशासन को भी जनहित के प्रति जिम्मेदार बनाए जाने की जरूरत है, अन्यथा उनकी लापरवाहियों के लिए स्पष्ट सजा व जुर्माना का प्रावधान हो, ताकि वो पॉलिटिकल एजेंट की तरह काम करने से बाज आएं। कहना न होगा कि देश में जारी राजनीतिक व प्रशासनिक पक्षपात के चलते ही देश में न्यायपालिका को सब पर भारी पड़ने का मौका मिल गया। विभिन राज्यों में राष्टपति शासन का दुरूपयोग, आरक्षण से जुड़े अभिजात्य वर्गों के हितों को अनैतिक संरक्षण, राष्टपति दया याचिका का राजनीतिक प्रयोग तो महज बानगी हैं, जबकि ऐसे कई उदाहरण हैं जहां संसद ने बहुमत से अल्पमत को कुचला है और देशवासी पददलित हुए हैं।

जमीन के अंदर मिला हिड़मा का बंकर, सुकमा-बीजापुर बॉर्डर पर जवानों ने किया नष्ट

# नक्सली बोले- मारते रहोगे तो शांतिवार्ता संभव नहीं

मीडिया ऑडीटर(निप्र)
Mediaauditor.in









बस्तर से साल 2026 तक माओवादियों का खात्मा करने के लिए पुलिस फोर्स एक्शन मोड पर काम कर रही है। इसी बीच सुकमा और बीजापुर जिले के सरहदी इलाके में नक्सलियों के गढ़ में जमीन के अंदर कंक्रीट का एक बंकर मिला है। दावा है कि, यह नक्सली कमांडर हिड़मा समेत बड़े लीडरों का अस्थायी ठिकाना है। वो यहीं अंडरग्राउंड होता था, छिपता था।

दरअसल, शुक्रवार को जीड़पल्ली कैंप से कोबरा 208 बटालियन की टीम ऑपरेशन पर निकली थी। तभी पामेड़ थाना क्षेत्र के मुर्कराजगुटटा के जंगल-पहाड़ी में माओवादियों का बनाया बंकर मिला। कंक्रीट से बने इस बंकर की साइज करीब 20म8 है। वहीं, नक्सलियों ने तीसरी बार पर्चा जारी कर लिखा कि, मारते रहोगे तो शांतिवार्ता संभव नहीं। इसलिए एक महीने के लिए ऑपरेशन रोक दिया जाए। फोर्स ने इस बंकर से सोलर प्लेट समेत अन्य जरूरत के सामान बरामद किया है। जिसके बाद इस बंकर को नष्ट कर दिया गया है। इस बंकर के अलावा उस इलाके के कुल अलग-अलग 12 जगहों को ढूंढ निकाला गया, जहां नक्सली अपना सामान डंप कर रखते थे। सभी जगह को नष्ट कर दिया गया है। इधर, फोर्स के लगातार एक्शन से नक्सल संगठन में भी दहशत है। नक्सली लीडर रूपेश ने शांति वार्ता को लेकर तीसरा पर्चा जारी किया है। जिसमें लिखा है कि, युद्ध विराम के लिए शांति वार्ता बेहद जरूरी है। लेकिन, फोर्स हमारे साथियों को पकड़कर मार रही है। इससे शांति वार्ता संभव नहीं है। हमने अपने लोगों से कह दिया है कि पुलिस पर कोई गोली न चलाए। रूपेश ने पर्चे के माध्यम से कहा कि, शांति वार्ता को लेकर मैंने 8 अप्रैल को पहला बयान दिया था। मेरे बयान पर गृह मंत्री विजय शर्मा ने तुरंत प्रतिक्रिया दी, इसके लिए मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं। यदि दोनों तरफ से युद्ध विराम रोकना है, तो इसके लिए शांति वार्ता करनी बहुत जरूरी है। शांति वार्ता के लिए हमें अपने नेतृत्वकर्ताओं से बातचीत करनी है। लेकिन ऑपरेशन चलता रहा तो हम बात नहीं कर पाएंगे। शांति वार्ता के लिए सेंट्रल कमेटी और दंडकारण्य एरिया कमेटी के लीडरों से बात करनी है। वार्ता के लिए बातचीत करने जाते वक्त मेरी और मेरे साथियों की सुरक्षा की गारंटी सरकार ले। 1 महीने के लिए ऑपरेशन रोक दिया जाए। इससे पहले, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अगस्त 2024 और दिसंबर 2024 को छत्तीसगढ़ के रायपुर और जगदलपुर आए थे। वे यहां अलग-अलग कार्यक्रमों में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग मंच से नक्सलियों को चेताते हुए कहा था कि हथियार डाल दों। हिंसा करोगे तो हमारे जवान निपटेंगे। वहीं, उन्होंने एक डेडलाइन भी जारी की थी कि 31 मार्च 2026 तक पूरे देश से नक्सलवाद का खात्मा कर दिया जाएगा। शाह की डेडलाइन जारी करने के बाद से बस्तर में नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन काफी तेज हो गए हैं।

सेक्स रैकेट...500 में लड़कियों की बुकिंग

## पुलिस ने लॉज, सूने मकान में की छापेमारी, 4 कपल, 3 महिलाएं और एक युवक पकड़ाया





मीडिया ऑडीटर(निप्र)
Mediaauditor.in

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में सेक्स रैकेट का खुलासा हुआ है। खरसिया में देह व्यापार के दो अलग-अलग ठिकानों पर पुलिस ने दबिश दी है। जहां एक लॉज से 4 कपल को पकड़ा गया। वहीं एक सूने मकान से 3 महिलाओं और एक युवक को पकड़ा गया है। जानकारी के मुताबिक, महिलाओं के साथ मिलकर लॉज संचालक कमरे उपलब्ध कराता था। इसे सिर्फ 20-25 मिनट के लिए मुहैया कराया जाता था। फिलहाल पुलिस लॉज के रजिस्टर में एंट्री की जानकारी लेते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।प्रशिक्षु आईपीएस हर्षित मेहर को लगातार देह व्यापार की शिकायत मिल रही थी। सूचना थी कि खरसिया के लक्ष्मी लॉज में देह व्यापार चलाया जा रहा है। कार्रवाई वाले दिन भी इसकी शिकायत मिली। इसके बाद ऐसे में प्रशिक्षु आईपीएस के साथ उनकी टीम ने लक्ष्मी लॉज में दबिश दी। दबिश में 4 कपल आपत्तिजनक स्थिति में मिले। जिन्हें पुलिस ने पकड़ लिया। पूछताछ में पता चला कि 500 रुपए में युवतियों की बुकिंग कर उन्हें लॉज लाया गया था। यहां 15-20 मिनट के लिए उन्हें कमरा दे दिया जाता था। इसके बाद महिला और लॉज संचालक पैसे का बंटवारा करते थे।

मारपीट का वीडियो बनाने पर भड़के बारातियों का हंगामा

## नगर पालिका कर्मचारी के घर में घुसकर की तोड़फोड़,बाइक को किया डैमेज



मीडिया ऑडीटर(निप्र)
Mediaauditor.in

छत्तीसगढ़ के लोरमी में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। नगर पालिका के वार्ड नंबर 11 में बारातियों ने नगर पालिका कर्मचारी के घर में जमकर तोड़फोड़ की। छत्तीसगढ़ के लोरमी में एक शादी समारोह में मारपीट का वीडियो बनाने पर बारातियों ने नगर पालिका कर्मचारी के घर में जमकर तोड़फोड़ की। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें बाराती घर के बाहर उपद्रव करते नजर आ रहे हैं। यह घटना वार्ड क्रमांक 11 की है। नगर पालिका के सहायक राजस्व निरीक्षक श्रवण ध्रुव के मुताबिक, यहां बारात आई हुई थी और सभी बाराती नाच-गाने में व्यस्त थे। रात करीब 12 से 1 बजे के बीच अचानक उनके बीच मारपीट और हंगामे की स्थिति बन गई।इस दौरान उनका बेटा छत पर चढ़कर हंगामा कर रहे बारातियों का वीडियो बनाने लगा।

बेटे को वीडियो बनाते देख बाराती भड़क गए। उन्होंने घर में घुसकर तोड़फोड़ शुरू कर दी। बारातियों ने घर का दरवाजा तोड़ा, गमले को नुकसान पहुंचाया और मोटरसाइकिल में भी तोड़फोड़ की। श्रवण ध्रुव ने इस मामले की लिखित शिकायत थाना लोरमी में दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है, लेकिन अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें बाराती घर के बाहर उपद्रव करते नजर आ रहे हैं।

BJP नेता ने 3 को कार से कुचला...कांग्रेसी की मौत

## शव रखकर लोगों ने किया प्रदर्शन



मीडिया ऑडीटर(निप्र)
Mediaauditor.in

कोंडागांव जिले में BJP नेता पूर्णेंदु कौशिक ने कार से कांग्रेस नेता को टक्कर मार दी। इसमें कांग्रेस नेता हेमेंद्र भोयर की मौत हो गई। हेमेंद्र भोयर अपनी भाभी और आरोपी बीजेपी नेता की पहली पत्नी के साथ बाइक पर सवार थे। मामला, शुक्रवार शाम करीब 4 बजे का है, देर शाम कांग्रेस नेताओं ने हंगामा किया। आरोप है कि पुलिस ने उस समय शिकायत भी दर्ज नहीं की। इसके बाद अगले दिन सुबह भी शव रखकर चक्काजाम किया गया। 2 घंटे प्रदर्शन के बाद पुलिस ने FIR दर्ज की और आरोपी को गिरफ्तार किया। मृतक की भाभी चंपी भोयर और आरोपी की पहली पत्नी ने इसकी शिकायत दर्ज कराई। चंपी भोयर मुलमुला गांव की सरपंच भी हैं। उन्होंने बताया कि, पूर्णेंदु पीछा करते हुए आ रहा था। अचानक टक्कर मारकर 15-20 मीटर तक कार से घसीटा, फिर मरा की नहीं देखने के लिए भी उतरा और देखकर भाग निकला।दरअसल, हेमेंद्र भोयर बाइक से अपनी भाभी चंपी भोयर के साथ शादी का कार्ड बांटने के लिए कोंडागांव जा रहे थे, तभी डोंगरीगुड़ा ढाबे के पास पीछे से तेज रफ्तार में बीजेपी नेता ने टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार तीनों लोग सड़क पर दूर जाकर गिरे। हेमेंद्र मौत हो गई, जबकि 2 महिलाएं घायल हैं।परिजनों के मुताबिक मृतक हेमेंद्र भोयर मुलमुला ग्राम पंचायत के पंच थे, जबकि उनकी भाभी चंपी सरपंच है। पूर्णेंदु कौशिक इन लोगों से पहले से दुश्मनी रखता था। आरोप है कि ये लोग टारगेट में थे, जिसमें से एक की जान चली गई।मृतक के भाई ने बताया कि मेरे छोटे भाई को पहले भी जान से मारने की धमकी मिली थी। मेरे घर के लोग ही पंचायत चुनाव जीते थे, तो खुन्नस रखता था। हादसे के बाद पुलिस वाले भी सपोर्ट नहीं कर रहे हैं। FIR लिखने में देरी कर रहे हैं। कह रहे हैं कि लाइट नहीं है।

छत्तीसगढ़ नान घोटाला केस

# जांच प्रभावित करने, सबूतों से छेड़छाड़ पर CBI का एक्शन, कई नाम उजागर हो सकते हैं

मीडिया ऑडीटर(निप्र)
Mediaauditor.in



छत्तीसगढ़ नान घोटाला केस में CBI ने 3 सीनियर अफसरों पर केस दर्ज किया है। इनमें तत्कालीन स्कूल शिक्षा विभाग सचिव डॉ. आलोक शुक्ला, तत्कालीन संयुक्त सचिव अनिल टुटेजा और तत्कालीन महाधिवक्ता सतीश चंद्र वर्मा शामिल हैं। जांच प्रभावित करने पर केस दर्ज किया है। CBI ने तीनों अफसरों पर सबूतों से छेड़छाड़, गवाहों पर दबाव बनाने के आरोप में FIR दर्ज की है। इसके पहले CBI ने शुक्रवार को अनिल टुटेजा के रायपुर निवास के अलावा एक अन्य ठिकाने पर छापेमारी की थी।

तलाशी के दौरान कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए हैं, जिनकी जांच की जा रही है। CBI ने संकेत दिए हैं कि इस मामले में और नाम जुड़ सकते हैं। साथ ही जिन अधिकारियों और कर्मचारियों ने जांच में बाधा डालने का प्रयास किया, उनकी भूमिका भी जांच के दायरे में है। CBI की टीम EOW में दर्ज केस अपने हाथ में लेकर नए सिरे से जांच कर रही है। मेयर विधानी की निर्वाचन को शून्य घोषित करने, अधिकारियों पर कार्रवाई करने और याचिका से संबंधित खर्च प्रदान किए जाने की मांग की गई है। जांच को प्रभावित करने के लगे आरोप CBI के मुताबिक, अफसरों ने अपने पद और प्रभाव का दुरुपयोग किया।

एनएएन (नागरिक आपूर्ति निगम) मामले में ED और EOW-ACB की कार्रवाई को प्रभावित करने की कोशिश की। आयकर विभाग ने जिन डिजिटल सबूतों को जब्त किया, उसमें जांच को कमजोर करने एविडेंस मिले हैं। CBI की शुरुआती जांच में यह भी सामने आया है कि, तत्कालीन महाधिवक्ता सतीश चंद्र वर्मा को अनुचित लाभ पहुंचाने के लिए प्रयास किए गए। इन अधिकारियों ने न सिर्फ खुद के लिए अग्रिम जमानत की कोशिश की, बल्कि राज्य आर्थिक अपराध शाखा में तैनात अधिकारियों को डॉक्यूमेंट में हेरफेर करने के लिए भी राजी किया।

### क्या है नान घोटाला ?

नान घोटाला फरवरी, 2015 में सामने आया था, जब ACB/EOW ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के प्रभावी संचालन को सुनिश्चित करने वाली नोडल एजेंसी नागरिक आपूर्ति निगम (NAN) के 25 परिसरों पर एक साथ छापे मारे थे। छापे के दौरान कुल 3.64 करोड़ रुपए नकद जब्त किए गए थे। छापे के दौरान एकत्र किए गए चावल और नमक के कई नमूनों की गुणवत्ता की जांच की गई थी। दावा किया गया था कि वे घटिया और मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त थे।

### कैसे खुलासा हुआ

EOW ने अपनी FIR में बताया था डॉ. आलोक शुक्ला और अनिल टुटेजा ने अपनी ताकत का इस्तेमाल करते हुए तत्कालीन महाधिवक्ता सतीशचंद्र वर्मा से असम्यक लाभ लिया। उनका मकसद था कि सतीशचंद्र वर्मा को लोक कर्तव्य को गलत तरीके से करने के लिए प्रेरित किया जाए, ताकि वह अपनी शक्तियों का दुरुपयोग करते हुए सरकारी कामकाज में गड़बड़ी कर सकें। इसके बाद, सभी मिलकर एक आपराधिक षड्यंत्र में शामिल हुए और राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो में काम करने वाले उच्चाधिकारियों से प्रक्रियात्मक दस्तावेज और विभागीय जानकारी में बदलाव करवाया। इन बदलावों का मुख्य उद्देश्य था नागरिक आपूर्ति निगम के खिलाफ दर्ज एक मामले अप.क. 09/2015 में अपने पक्ष में जवाब तैयार करना, ताकि हाईकोर्ट में वे अपना पक्ष मजबूती से रख सकें और उन्हें अग्रिम जमानत मिल सके।

चिरमिरी इलेवन ने जीता नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट

## विजेता को 1.41 लाख और उपविजेता मनेन्द्रगढ़ को 71 हजार रुपए का पुरस्कार




मीडिया ऑडीटर(निप्र)
Mediaauditor.in

मनेंद्रगढ़ के हाई स्कूल ग्राउंड में स्व. दीपक पटेल स्मृति रात्रिकालीन ओपन क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 का समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में चिरमिरी इलेवन ने मनेंद्रगढ़ इलेवन को हराकर खिताब जीता। विजेता चिरमिरी इलेवन को 1 लाख 41 हजार रुपए का पुरस्कार मिला। उपविजेता मनेंद्रगढ़ इलेवन को 71 हजार रुपए की राशि दी गई। समापन समारोह में छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल मुख्य अतिथि रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष चंपा देवी पावले ने खिलाड़ियों के अनुशासन और खेल भावना की सराहना की। उन्होंने कहा कि खेल में जीत-हार से ज्यादा महत्वपूर्ण सम्मानपूर्वक भाग लेना है।भाजपा नेता सरजू यादव ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को नशे से दूर रखते हैं। साथ ही खेलों से जोड़कर सकारात्मक समाज के निर्माण में मदद करते हैं। स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने कहा कि खेल से बड़ी कोई साधना नहीं है। जहां खेल होता है, वहां ऊर्जा होती है। जहां युवा खेलते हैं, वहां भविष्य खिलता है। उन्होंने आने वाले वर्षों में इस टूर्नामेंट को और भव्य बनाने की बात कही।

## दुर्ग में 12 लाख की हेरोइन बरामद




मीडिया ऑडीटर(निप्र)
Mediaauditor.in

दुर्ग जिले में मोहन नगर पुलिस और एसीसीयू की टीम ने मिलकर 12 लाख रुपए कीमती चिट्टा (हेरोइन) के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 150 ग्राम चिट्टा और 53150 रुपए कैश भी जब्त किया है। दुर्ग एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि, उनकी टीम को टिप मिली थी कि दो लोग हेरोइन लेकर उसे बेचने की फिराक में घूम रहे हैं। उन्होंने तुरंत टीम को उन्हें पकड़ने के लिए भेजा। टीम 18 अप्रैल को कृषि उपज मंडी सिकोला भाठा दुर्ग के पास पहुंची और निगरानी करने लगी।टीम ने देखा कि दो व्यक्ति चिट्टा हेरोइन बेच रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर गुरूदेव सिंग बीर्क (54) निवासी पंजाब जिला फिरोजपुर और राजविन्दर सिंग उर्फ लड्डू (32) निवासी भिलाई के वैशाली को गिरफ्तार किया है। लड्डू भी मूलतः ग्राम तालवंडी दासोदा सिंग थाना कत्थु नांगल जिला अमृतसर पंजाब का रहने वाला है। उसने बताया कि, वो लोग चिट्टा को पंजाब से दुर्ग लाए थे। उसे बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे थे। पुलिस ने गुरूदेव सिंग के कब्जे से एक काले रंग के बैग के अंदर एक प्लास्टिक के पन्नी में 150 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) जब्त की। उसकी बाजारी कीमत 12 लाख रुपए बताई जा रही है।

कोरिया में पानी की किल्लत से जूझ रहे गांव का कमाल

## जुगाड़ से हर घर तक पानी पहुंचाया, इधर निगम के ऑफिस में ही पानी नहीं

मीडिया ऑडीटर(निप्र)
Mediaauditor.in

छत्तीसगढ़ इन दिनों गर्मी से जूझ रहा है और इसके साथ ही जगह-जगह जल संकट की गंभीर तस्वीरें सामने आ रही हैं। इस बीच कोरिया जिले में कहीं जनता खुद ही PHE विभाग' बन गई, तो कहीं प्रशासन ही पानी को तरस गया, वहीं सेवा भावना ने मनेन्द्रगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को राहत दी।

कोरिया जिले के भरतपुर सोनहत विधानसभा के बैरागी गांव में रहने वाले 80 परिवारों ने वर्षों से चली आ रही जल संकट की समस्या का अनोखा हल ढूंढ निकाला। यहां गांववालों ने खुद की मेहनत से नहर से गांव तक पानी लाने का रास्ता निकाला। उन्होंने नहर की चट्टानों को पाइप के आकार में काटा। इसके बाद लकड़ियों को भी पाइप की तरह तैयार किया। ग्रामीणों ने करीब एक किलोमीटर लंबी मिट्टी की नाली बनाई। इस जुगाड़ से गांव के हर घर तक पानी पहुंचाया जा रहा है। जिस घर में पानी की जरूरत होती है, उस तरफ पानी का रुख मोड़ दिया जाता है। गांव के लोग इस पानी का उपयोग घरेलू कामों के साथ-साथ खेती-किसानी में भी कर रहे हैं। लगभग 300 की आबादी वाले इस गांव में लोगों ने जल संकट का स्थायी समाधान निकाला है। गांव के लोग खुद को पीएचई विभाग की तरह संगठित कर पानी का प्रबंधन कर रहे हैं।

### अस्पताल के महिला वार्ड में लगा एसी



इसी बीच मनेन्द्रगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक सुंदर मिसाल पेश की गई। दुग्गड़ परिवार ने अपने पिता स्व. गणेशमल दुग्गड़ की स्मृति में महिला वार्ड में दो एयर कंडीशनर (AC) लगवाए। गर्मी से बेहाल मरीजों को इससे बड़ी राहत मिली है। गौतम और उाम दुग्गड़ ने बताया कि यह कार्य पिता की सेवा भावना से प्रेरित होकर किया गया है। अस्पताल प्रशासन और शहरवासियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि अगर और लोग भी ऐसा सहयोग करें, तो सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवाा में व्यापक सुधार लाया जा सकता है।

### प्रशासन के ऑफिस में पानी नहीं

दूसरी ओर, कोरिया जिले के ही चिरमिरी नगर निगम की स्थिति एकदम उलट है। यहां नगर निगम कार्यालय में पिछले तीन दिनों से नल सूखे हैं, और अधिकारी खुद पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं।वहीं, निगम के अधिकारी और जनप्रतिनिधि 40 वार्डों में पानी की आपूर्ति का दावा करता है, लेकिन उनका अपना कार्यालय ही प्यासा बैठा है। गर्मी के मौसम में जल प्रबंधन की यह नाकामी न सिर्फ प्रशासनिक उदासीनता दिखाती है, बल्कि आम नागरिकों की हालत को भी दर्शाती है।

फांसी में झूलता मिला युवा व्यवसायी का शव

## अपनी मर्जी से कर रही हूं आत्महत्या, भाई को बोली थी-नहीं करना चाहती शादी



मीडिया ऑडीटर(निप्र)
Mediaauditor.in

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में शादी के तीसरे दिन नवविवाहिता ने मायके में टॉयलेट के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट भी मिला है। जिसमें वो अपनी मर्जी से आत्महत्या करने और परिवार वालों को परेशान नहीं करने की बात लिखी है। वहीं, सगाई के बाद युवती ने अपने भाई को शादी नहीं करने की बात कही थी। घटना कोटा थाना क्षेत्र की है। डीएसपी नुपूर उपाध्याय ने बताया कि, अमाली गांव की रहने वाली लक्ष्मी भैना 23 की शादी 15 अप्रैल को जांजगीर-चांपा जिले के ग्राम कोसा में दुआस भैना के साथ हुई थी। शादी के बाद दूसरे दिन सुबह विदाई हुई। इस दौरान उसके साथ बुआ और मामी भी गई थी। उसी शाम मायके वाले उसे लेने के लिए जांजगीर गए। रात को उसे लेकर गांव आ गए। बताया जा रहा है कि, रातभर लक्ष्मी अपने मायके में थी। 17 अप्रैल की सुबह वो सोकर उठी, तब सब कुछ ठीक था। वो घर के पीछे बाड़ी में बने टॉयलेट की तरफ गई थी। काफी देर तक वो घर नहीं आई, तब परिजन उसे देखने गए, जहां अंदर में युवती की लाश फांसी के फंदे पर लटकती मिली। आनन-फानन में परिजनों ने फांसी का फंदा काटकर उसे नीचे उतारा। इसके बाद उसे कोटा स्थित स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। साथ ही परिवार ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। इस पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम कराया। जांच के दौरान पुलिस ने परिजनों से पूछताछ की। युवती के पास से एक सुसाइड नोट भी मिला। जिसमें उसने अपनी मर्जी से आत्महत्या करने और परिवार-वालों को परेशान नहीं करने का जिक्र किया है। हालांकि आत्महत्या की वजह नहीं लिखी गई है। सुसाइड नोट जब्त कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस दौरान युवती के ससुराल वालों को भी थाने बुलाकर बयान दर्ज किया गया। जांच अधिकारी एसआई मीना ठाकुर ने बताया कि, सगाई के बाद युवती ने अपने भाई को शादी नहीं करने की बात कही थी। उसने अपने भाई से अपने होने वाले पति दुआस भैना के बारे में भी पूछताछ की थी। तब उसने लड़के को उसके लिए अच्छा बताकर शादी करने के लिए कहा था। इसके बाद सबकुछ सामान्य चल रहा था। शादी के बाद जब उसे मायके वाले ससुराल से लेकर घर आए, तब भी उन्हें कुछ अनहोनी की आशंका नहीं थी। फिलहाल, पुलिस अब पूरे मामले की जांच कर रही है।

चोरी के शक में युवकों बांधकर की पिटाइ ,महिलाओं को भी पीटा

## एक ही परिवार के 6 लोग घायल, सिर पर लगे टांके




मीडिया ऑडीटर(निप्र)
Mediaauditor.in

अंबिकापुर से लगे सद्भावना ग्राम तकिया में युवकों ने चोरी के शक पर किराए में रहने वाले युवकों और महिलाओं को पीट दिया। मारपीट के दौरान युवकों के हाथ-पैर बांध दिए, फिर लाठी-डंडों से उनकी बेदम पिटाई की। महिलाओं के साथ मारपीट कर उन्हें बकरी बांधने वाले कमरे में बंद कर दिया। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पीड़ितों को पुलिस ने आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया और हॉस्पिटल भेजा। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार को तकिया में किराए के मकान में रहने वाले शाहिद हुसैन, उसकी पत्नी पारूल कश्यप, भाई वाहिद हुसैन, मां शबाना खातून समेत परिवार के बाकी सदस्य घर पर थे। तकिया निवासी रमजान, आतिक, छोटू और अन्य साथी शाहिद हुसैन के घर पहुंचे। चोरी का आरोप लगाकर उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। उन्होंने घर से लाखों रुपए के नगदी और जेवर की चोरी का आरोप लगाया। रमजान और साथियों ने वाहिद समेत उसके भाई और अन्य सदस्यों को घर से निकालकर बांध दिया। बीच-बचाव करने आई महिलाओं को भी डंडे से मारा। उन्हें बकरी बांधने वाले कमरे में बंद कर दिया। महिलाओं ने आरोप लगाया कि, आरोपियों ने उनके साथ अभद्रता की और उनके साथ बैड टच किया।इस दौरान वाहिद से मिलने पहुंचे गोधनपुर निवासी मंजीत सिंह समेत अन्य लोग भी मौजूद थे। उनके साथ भी मारपीट की गई। मारपीट के दौरान लोग सहमे रहे। भीड़ ने भी मारपीट में बचाव की कोशिश नहीं की। घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पीड़ितों को आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया। कमरे में बंद महिलाओं को बाहर निकाला और हॉस्पिटल भेजा। मारपीट में सभी को चोटें आई हैं। महिलाओं के सिर पर भी चोटें आई हैं। जिसके टांके भी लगे हैं। शनिवार को पीड़ित पक्ष कोतवाली थाने पहुंचा और मारपीट की शिकायत दर्ज कराई। शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## दिल्ली-एनसीआर और जम्मू-कश्मीर में भूकंप

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** अफगानिस्तान में शनिवार को दोपहर 12ः17 बजे रिक्टर पैमाने पर 5.8 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का असर जम्मू-कश्मीर और दिल्ली-ह्वष्टक्रतक महसूस किया गया। हालांकि अब तक जान माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक भूकंप का असर जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों में भी महससू किया गया। श्रीनगर में एक स्थानीय व्यक्ति ने बताया- मैंने भूकंप महसूस किया। मैं दफ्तर में था, तभी मेरी कुर्सी हिली। कुछ इलाकों से लोगों को घरों और ऑफिस से बाहर भागते देखा गया। थानेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (ह्वष्टस्) के अनुसार, भूकंप सतह से 86 किलोमीटर नीचे आया। इसका केंद्र अफगानिस्तान-ताजिकिस्तान सीमा क्षेत्र में था। यह इलाका भूकंप के लिए सेंसेटिव जोन में गिना जाता है। इस क्षेत्र में भूकंप आना सामान्य बात है।

## 14 राज्यों में आंधी-तूफान का अलर्ट

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश के मेरठ में शुक्रवार को आंधी-बारिश के कारण अलग-अलग जगहों पर दो मकान ढह गए। एक महिला और उसकी 9 माह की बच्ची की मलबे में दबकर मौत हो गई। करीब 10 लोग घायल हुए। लखनऊ में शनिवार सुबह 3 बजे तूफान आया। इससे सैकड़ों पेड़ और बिजली के पोल गिर गए। इसके चलते रास्ते बंद हो गए। मौसम विभाग ने शनिवार को राजस्थान-मध्य प्रदेश में तेज लू (हीटवेव) की आशंका जताई है। महाराष्ट्र में भी तेज गर्मी रहेगी। इसके अलावा बिहार, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, झारखंड, नॉर्थ ईस्ट समेत 14 राज्यों में आंधी-तूफान की चेतावनी है। बारिश के साथ यहां तेज आंधी और बिजली का भी अलर्ट है।

## दिल्ली में 4 मंजिला इमारत गिरी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** मलबे में अभी भी 10 से ज्यादा लोगों के फंसे होने की आशंका है। मौके पर एनडीआरएफ और दिल्ली पुलिस की टीमें पहुंची हैं और रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। दिल्ली के मुस्तफाबाद इलाके में शुक्रवार देर रात ढाई बजे 4 मंजिला बिल्डिंग ढह गई। हादसे में अब तक 4 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि अभी भी 10 से ज्यादा लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है। पुलिस के मुताबिक, हादसे में 22 से ज्यादा लोग मलबे में दब गए थे। अब तक 14 लोगों को रेस्क्यू कर जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने 4 को मृत घोषित कर दिया। मौके पर एनडीआरएफ और दिल्ली पुलिस की टीमें रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी हैं। डिविजनल फायर ऑफिसर राजेंद्र अटवाल ने बताया कि देर रात करीब 2ः50 बजे एक मकान ढहने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचे तो पता चला कि पूरी बिल्डिंग ढह गई है और लोग मलबे में फंसे हुए हैं। पुलिस के साथ मिलकर बचाव अभियान चलाया है। दरअसल, शुक्रवार रात दिल्ली में मौसम ने अचानक करवट ली थी। तेज बारिश और आंधी-तूफान के चलते कई इलाकों में नुकसान हुआ।

# मिशन मोड में हो रहे हैं मध्यप्रदेश के सर्वांगीण विकास के कार्य : मुख्यमंत्री

**भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने दृढ़ संकल्प को ही कार्यसिद्धि का मंत्र बनाया है। उन्होंने देश के सर्वाँगीण विकास के लिए समाज के सभी वर्गों के एक साथ और एक समान सशक्तिकरण को आवश्यक बताया है। इस संकल्प की सिद्धि के लिए मध्यप्रदेश सरकार लगातार मिशन मोड में कार्य कर रही है। मिशन मोड में विकास पथ पर तेजी से आगे बढ़ने के लिये प्रदेश सरकार ने गरीब कल्याण मिशन, युवा शक्ति मिशन, किसान कल्याण मिशन और नारी सशक्तिकरण मिशन लागू किये हैं। सभी मिशनों को पूरा करने के लिए अलग-अलग रोड़ मैप तैयार कर प्रभावी क्रियान्वयन शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि उन्हें प्रधानमंत्री श्री मोदी के देश के सर्वांगीण विकास के संकल्प ने प्रेरित किया है। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि समाज के सभी वर्गों के मिशन मोड में सशक्तिकरण से मध्यप्रदेश विकास की नई ऊचाइयों को स्पर्श करेगा। गरीब कल्याण मिशन का मुख्य उद्देश्य गरीबों के लिए सामाजिक सुरक्षा उपायों को मजबूत करना है, ताकि वंचित वर्ग को कठिन समय में आवश्यक सहायता मिल सके। इसके अतिरिक्त, मिशन इस वर्ग को रोजगार से संबंधित चुनौतियों से निपटने में सक्षम योजनाओं का लाभ दिलाएगा। आर्थिक रूप से पिछड़े, जरूरतमंदों को मिशन में वित्तीय सहायता प्रदान कर आर्थिक सशक्तिकरण में मदद करेगा। बुनियादी सेवाओं जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा और आवास तक पहुंच में सुधार किया जाएगा, जिससे गरीब परिवारों के जीवन स्तर में सुधार हो सकें।

गरीब कल्याण मिशन, मध्यप्रदेश सरकार द्वारा शुरू की जाने वाली एक अभिनव पहल है, जिसका उद्देश्य



आर्थिक रूप से पिछड़े समुदायों को सशक्त बनाना और यह सुनिश्चित करना है कि सरकारी योजनाएं और आवश्यक सेवाएं उन तक सहजता से पहुंच सकें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को विश्वास है कि 'स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन' प्रदेश के युवाओं के सशक्तिकरण का सक्सेस मंत्र सिद्ध होगा। युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी 2025 को लाँच किया गया यह मिशन युवा पीढ़ी को आधुनिकतम तकनीकों, उद्यमिता और खेल क्षेत्र में उच्च कौशल से सशक्त बनाएगा। यह मिशन से प्रदेश के युवाओं को बदलते दौर में स्वयं को विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं के लिये सशक्त बनायेगा। इससे मिशन की परिणिति युवाओं के सफल एवं सक्षम नेतृत्व के गुणों से संपन्न बनने, ग्लोबल जॉब मार्केट का सशक्त प्रतिस्पर्धी बनने और नौकरी ढूंढ़ने की कतारों में लगे युवा के स्थान पर नौकरी देने वाला उद्यमी बनने में होगी। 'युवा शक्ति मिशन' के सफल क्रियान्वयन में आधुनिक तकनीक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कौशल विकास के पाठ्यक्रम युवाओं को सहजता से उपलब्ध कराने और उसे सहजता से समझाने के लिए ऑनलाइन प्लेटफार्म लॉन्च किए गए हैं। इस फ्लेटफार्म की सुविधाएं ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के युवाओं को समान रूप से सुलभ होंगी। मिशन का लाभ प्रदेश के युवा बढ़-चढ़ कर ले सकें, इसके लिए सोशल-मीडिया के माध्यमों का भी प्रभावी उपयोग किया जा रहा है। इससे युवाओं को मिशन से संबंधित जानकारी आसानी से उपलब्ध हो रही है और युवाओं में मिशन के प्रति जागरूकता और रुचि बढ़ रही है। कृषि और कृषक देश एवं प्रदेश की अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण आधार हैं। इसलिए मध्यप्रदेश की मंत्रि-परिषद ने 15 अप्रैल को कृषक कल्याण मिशन को हरी झंडी दे दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में इस मिशन का उद्देश्य है कि अन्नदाता समृद्ध हों और कृषि क्षेत्र में आर्थिक स्थिरता आए। इस मिशन का उद्देश्य फसल-विविधीकरण के साथ ही पशुपालन एवं मत्स्य पालन जैसे सहायक व्यवसायों को एकीकृत कर समावेशी कृषि को बढ़ावा देना है।

## मुंबई में मंदिर तोड़ने के खिलाफ जैन समुदाय का प्रदर्शन

**मुंबई ( एजेंसी )।** मुंबई के विले पार्ले ईस्ट के कांबलीवाड़ी में 30 साल पुराना पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर को बीएमसी की टीम ने 16 अप्रैल को तोड़ दिया। इस कार्रवाई से पहले नगर निगम ने मंदिर को नोटिस भेजा था। जिसके खिलाफ जैन समाज ने एक याचिका भी दायर की थी। इस पर 17 अप्रैल को सुनवाई होनी थी। ब्रह्ममुंबई की टीम की कार्रवाई सुनवाई से पहले ही की गई। इसके कारण जैन समुदाय के लोग आक्रामक हो गए हैं। उन्होंने शनिवार को अहिंसक तरीके से अपना गुस्सा जाहिर किया।

## पश्चिम बंगाल के राज्यपाल मुर्शिदाबाद पहुंचे

**कोलकाता ( एजेंसी )।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस शनिवार को हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद पहुंचे हैं। अपने दौरे पर बोस ने कहा, यह कल के दौरे का विस्तार है। मैं आज और जगहों पर जाऊंगा और प्रभावित लोगों से मिलूंगा। राज्यपाल हिंसा में जान गंवाने वाले लोगों के परिवार से भी मिले। उन्होंने कहा कि पीड़ितों को फोन नंबर उपलब्ध किया गया है, जिससे लोग मुझसे सीधे बात करने के लिए स्वतंत्र महसूस करें। बोस ने प्रभावी कदम उठाने का



वादा भी किया। राष्ट्रीय महिला आयोग और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की टीम भी मुर्शिदाबाद का दौरा करेगी। शुक्रवार को मालदा पहुंचने के बाद राज्यपाल बोले- कानून व्यवस्था बनाए रखना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। अगर राज्य को मदद की जरूरत है, तो हम केंद्र बल भेजने के लिए तैयार हैं। उन्होंने दौरे की रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंपने की भी बात कही।

## राण सांगा विवाद- अखिलेश सपा सांसद के घर पहुंचे

**आगरा ( एजेंसी )।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव राणा सांगा को गद्दार कहने वाले रामजीलाल सुमन से मिलने आगरा पहुंचे। उन्होंने सपा सांसद का हाल-चाल जाना। इसके बाद मीडिया से बातचीत में कहा- मैं दलित सांसद रामजीलाल सुमन के साथ खड़ा हूं। मुझे धमकी मिल रही है कि जैसे फूलन देवी को मारा वैसे तुम्हें मारेंगे, आखिरकार इनके पीछे कौन हैं? सपा प्रमुख ने कहा- आगरा में जो तथाकथित शक्ति प्रदर्शन हुआ, उसमें तलवारें लहराई गईं। आरोपियों को कार्रवाई का डर नहीं है। रामजीलाल सुमन के घर तोड़फोड़ की गई। यह हमला



अचानक नहीं हुआ, बल्कि साजिश के तहत किया गया। इधर, क्षत्रिय सभा और अन्य हिंदू संगठनों के विरोध को देखते हुए सांसद के घर की सुरक्षा बढ़ा दी गई। सोसाइटी और आसपास पुलिस और पीएसी के 800 जवान तैनात रहे।

## कर्नाटक में जनेऊ पहनने पर स्टूडेंट को एग्जाम से रोका

**बेंगलुरु ( एजेंसी )।** कर्नाटक में दो कॉलेजों में स्टूडेंट के जनेऊ पहनने पर विवाद हो गया। पहला मामला शिवमोगा जिले के आदिचुंचनगिरी स्कूल का है। जहां कॉमन इंट्रेंस टेस्ट एग्जाम देने आए तीन स्टूडेंट का जनेऊ उतरवाया गया। वहीं दूसरा मामला बीदर जिले के साई स्पूर्थी पीयू कॉलेज का है। यहां एक स्टूडेंट ने जनेऊ उतारने से मना कर दिया तो उसे एग्जाम में बैठने नहीं दिया गया। मामला सामने आने के बाद कर्नाटक ब्राह्मण महासभा की तरफ से पुलिस में शिकायत



दर्ज कराई गई। आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

पहला केसः बीदर में स्टूडेंट से कहा- जनेऊ काटो कर्नाटक के बीदर में एग्जाम देने गए स्टूडेंट सुचिव्रत कुलकर्णी ने बताया, 17 अप्रैल को मेरा मैथ का ष्टश्वञ्ज एग्जाम था। जब मैं एग्जाम सेंटर पहुंचा तो कॉलेज मैनेजमेंट ने मेरी जांच की और मेरा जनेऊ देखा।

उन्होंने मुझसे कहा कि इसे काट दो या हटा दो, तभी वे मुझे परीक्षा में बैठने देंगे। 45 मिनट तक मैं उनसे अनुरोध करता रहा, लेकिन आखिरकार मुझे घर वापस आना पड़ा। मेरी मांग है कि सरकार दोबारा परीक्षा कराए या मुझे सरकारी कॉलेज में सीट दे।

## प्रधानमंत्री दो दिवसीय यात्रा पर जाएंगे सऊदी अरब, क्रउन प्रिंस ने भेजा है निमंत्रण

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान के निमंत्रण पर 22-23 अप्रैल को सऊदी अरब की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। यह पीएम मोदी की सऊदी अरब की तीसरी यात्रा होगी, इससे पहले वे 2016 और 2019 में सऊदी अरब गए थे। भारत के विदेश मंत्रालय के अनुसार, यह यात्रा क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान की सितंबर 2023 में नई दिल्ली की राजकीय यात्रा के बाद हो रही है, जिसके दौरान उन्होंने जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लिया था और भारत-सऊदी अरब



रणनीतिक साझेदारी परिषद की पहली बैठक की सह-अध्यक्षता की थी। मोदी को इस यात्रा का निमंत्रण खुद सऊदी अरब के शहजादे क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान स्न्ह्रस्न ने भेजा है।

## एलन मस्क का भारत दौरा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** एलन मस्क ने पीएम मोदी के साथ अपनी बातचीत को उत्साहजनक और भविष्य की दिशा में अग्रसर बताया। उन्होंने इसे अपने लिए सम्मान की बात कहा। पीएम मोदी ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर लिखा कि उन्होंने एलन मस्क से बात की और तकनीक, इनोवेशन, स्पेस और मोबिलिटी जैसे साझा क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की। उन्होंने यह भी बताया कि यह चर्चा उन्हीं विषयों पर आधारित थी जो उन्होंने वॉशिंगटन डीसी में फरवरी 2025 में हुई मुलाकात के दौरान उठाए थे।

एलन मस्क का यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब उनकी कंपनी भारत में अपनी सैटेलाइट इंटरनेट सेवा शुरू करने के लिए नियामक मंजूरियों का इंतजार कर



रही है। हाल ही में वरिष्ठ अधिकारियों ने केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात की थी, जहाँ भारत में निवेश, साझेदारी और तकनीकी विस्तार पर चर्चा हुई।

## बीजेपी में नया राष्ट्रीय अध्यक्ष जल्द

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय जनता पार्टी के राजनीतिक गलियारों में इन दिनों एक ही सवाल चर्चा का केंद्र बना हुआ है- पार्टी का अगला राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन होगा? जे.पी. नड्डा का कार्यकाल आधिकारिक रूप से समाप्त हो चुका है, लेकिन उनकी जगह अब तक कोई नया नाम सामने नहीं आया है। यही कारण है कि नड्डा फिलहाल एक्सटेंशन पर पार्टी की कमान संभाले हुए हैं। हालांकि अब, भाजपा और आरएसएस के बीच लंबे समय से चल रही राय-मशविरा और सहमति की कवायद के बाद नए अध्यक्ष के नाम को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। सूत्रों के मुताबिक, इस महीने के अंत तक बीजेपी अपने नए राष्ट्रीय अध्यक्ष की घोषणा कर सकती है। राष्ट्रीय अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया 20 अप्रैल के बाद कभी भी शुरू हो सकती है। नया अध्यक्ष कौन होगा, इस पर पार्टी के भीतर कई नामों की चर्चा है। लेकिन इतना तय है कि पार्टी का शीर्ष नेतृत्व-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और खुद नड्डा-एक ऐसे चेहरे की तलाश में हैं जो न केवल संगठन को नई दिशा दे सके, बल्कि 2029 तक के राजनीतिक रोडमैप को भी मजबूती दे सके।

## शाह बोले- 2 घंटे एक्सरसाइज, 6 घंटे की नींद जरूरी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि देश के युवाओं को अगर स्वस्थ्य और फिट रहना है तो उन्हें अपने रूटीन में बदलाव करना होगा। यह बात मैं अपने पर्सनल एक्सपीरियंस से बोल रहा हूं। अमित शाह ने नई दिल्ली में वर्ल्ड लिवर डे पर इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलियरी साइंसेज के एक कार्यक्रम में ये बातें कहीं। शाह ने कहा कि देश के युवाओं को अभी 40-50 साल और जीना




है और देश की प्रगति में योगदान देना है। मैं उनसे अनुरोध करता हूं कि वे अपने शरीर के लिए दो घंटे व्यायाम और अपने दिमाग के लिए छह घंटे की नींद रिजर्व करें। शाह बोले- आज किसी भी तरह की दवा की जरूरत नहीं अमित शाह ने कहा, मई 2020 से लेकर आज तक मैंने अपने जीवन में बहुत बड़ा बदलाव किया। आवश्यक मात्रा में नींद, पानी और आहार और नियमित व्यायाम ने मुझे बहुत कुछ दिया है। आज मैं आपके सामने किसी भी तरह की एलोपैथिक दवा और इंसुलिन से मुक्त होकर खड़ा हूं। यह मेरा अपना अनुभव है। मैं आज यहां इस अनुभव को साझा करने आया हूं।

दिल्ली सीएम बोलीं- हमारा स्वास्थ्य ढांचा मजबूत बने कार्यक्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी शामिल रहीं। उन्होंने कहा- आज लिवर डे के अवसर पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि देश में किसी को भी हेल्थ सर्विस के लिए संघर्ष न करना पड़े। हमारी राजधानी दिल्ली सिर्फ यहीं के लोगों के इलाज के लिए नहीं है।

## 2029 तक 3 लाख करोड़ रक्षा उत्पादन का लक्ष्य- राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि इस साल देश का रक्षा उत्पादन 1.6 लाख करोड़ को पार कर जाएगा। वे कार्यक्रम में बोल रहे थे, जिसका आयोजन किया गया। राजनाथ सिंह ने कहा, हमारा लक्ष्य है कि 2029 तक भारत में ?3 लाख करोड़ के रक्षा उपकरण बनाए जाएं। यह सिर्फ संख्या का मामला नहीं है, बल्कि यह एक बड़ी सोच का हिस्सा है, जिसमें भारत को रक्षा क्षेत्र में



आत्मनिर्भर और वैश्विक हब बनाना शामिल है। राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत की सबसे पुरानी संस्था ऑर्डनेंस फैक्ट्री बोर्ड का पुनर्गठन एक बड़ी उपलब्धि रही है। अब ये फैक्ट्रियां मुनाफा कमा रही हैं और पहले से कहीं अधिक प्रभावशाली हो गई हैं।

## बसपा संगठन का विस्तार करने में जुटीं मायावती

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने शनिवार को राष्ट्रीय जनगणना, निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन और भाषा नीति जैसे प्रमुख मुद्दों पर केंद्र और विभिन्न राज्य सरकारों के बीच चल रहे विवादों की कड़ी आलोचना की। मायावती ने एक्स पर लिखा कि पश्चिम के महाराष्ट्र, गुजरात तथा दक्षिण भारत के कर्नाटक, तमिलनाडु व केरल में बीएसपी संगठन के गठन की तैयारी व मजबूती एवं पार्टी के जनाधार को बढ़ाने आदि पर दिल्ली में हुई बैठक में गहन समीक्षा व आगे पूरे तन, मन, धन से पार्टी के कार्यों को दिशा-निर्देशानुसार बढ़ाने का संकल्प। मायावती ने आगे लिखा कि जनगणना व उसके आधार पर लोकसभा सीटों का पुनः




आवंटन, नई शिक्षा नीति व भाषा थोपने आदि के इन राज्यों व केन्द्र के बीच विवाद के राजनीतिक स्वार्थ के लिए उपयोग से जन व देशहित का प्रभावित होना स्वाभाविक। गुड गवरनेन्स वही जो पूरे देश को संविधान के हिसाब से साथ लेकर चले। उन्होंने कहा कि वैसे भी सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले खासकर शोषित-उपेक्षित गरीबों, दलितों, आदिवासियों व पिछड़े वर्ग आदि के बच्चे-बच्चियाँ अंग्रेजी का ज्ञान अर्जित किए बिना आगे चलकर आईटी व स्किल्ड क्षेत्र में कैसे आगे बढ़ सकते हैं, सरकार इस बात का जरूर ध्यान रखे। भाषा के प्रति नफरत अनुचित है।

इससे पहले बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने समाजवादी पार्टी (सपा) पर निशाना साधते हुए पीडीए (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक) अभियान की आड़ में राजनीतिक लाभ के लिए दलितों का शोषण करने का आरोप लगाया। बसपा नेता ने 'एक्स' पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा, विदित है कि अन्य पार्टियों की तरह आए दिन सपा द्वारा भी पार्टी के खासकर दलित लोगों को आगे कर तनाव व हिंसा का माहौल पैदा करने वाले मामले सामने आ रहे हैं।

# उद्धव के साथ गठबंधन को तैयार राज ठाकरे

**मुंबई ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे एक बार फिर साथ आ सकते हैं। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना चीफ राज ठाकरे ने शनिवार को इस बात का संकेत दिया। राज ठाकरे ने कहा- हमारे बीच राजनीतिक मतभेद हैं, विवाद हैं, झगड़े हैं, लेकिन यह सब महाराष्ट्र के आगे बहुत छोटी चीज हैं। महाराष्ट्र और मराठी लोगों के हित के लिए साथ आना कोई बहुत बड़ी मुश्किल नहीं है। राज ठाकरे ने अभिनेता और निर्देशक महेश मांजरेकर के यू-ट्यूब चैनल पर यह बातें कहीं। महेश मांजरेकर ने राज से उद्धव के साथ गठबंधन पर सवाल किया था। इस पर राज ठाकरे ने कहा कि किसी बड़े मकसद के आगे हमारे बीच की लड़ाइयां छोटी हैं। इधर उद्धव का भी रिएक्शन आया है, उन्होंने कहा कि मेरी तरफ से कभी कोई झगड़ा नहीं था।

राज ठाकरे ने कहा, मुझे नहीं लगता कि एक साथ आना और एक साथ रहना कोई बहुत कठिन बात है। सवाल केवल इच्छाशक्ति का है। यह मेरी निजी इच्छा या स्वार्थ का मामला नहीं है। मेरा मानना है कि हमें महाराष्ट्र की बड़ी तस्वीर देखनी चाहिए। मेरा मानना है कि महाराष्ट्र के सभी राजनीतिक दलों के मराठी लोगों को एक साथ आकर एक पार्टी बनानी चाहिए। एकनाथ शिंदे के सत्ता में आने और ऐतराज की बात पर राज ने कहा, पहली बात तो यह कि शिंदे का जाना या विधायकों का टूटना राजनीति का अलग




हिस्सा बन गया। जब मैंने शिवसेना छोड़ी तो कई विधायक और सांसद मेरे पास आए। लेकिन मेरे मन में एक ही बात थी कि अगर बालासाहेब को छोड़ दूंगा तो किसी और के अधीन काम नहीं करूंगा। उस समय यही स्थिति थी। उन्होंने कहा, जब मैं शिवसेना में था तो मुझे उद्धव के साथ काम करने में कोई आपत्ति नहीं थी। सवाल यह है कि क्या दूसरा व्यक्ति काम करूं? मैं कभी भी अपने अहंकार को ऐसी छोटी-छोटी बातों में नहीं लाता।

महेश मांजरेकर ने भाजपा के साथ जाने पर सवाल किया तो राज ठाकरे ने कहा, मैं महाराष्ट्र के बारे में या मराठी लोगों के लिए जो कुछ भी कह सकता हूं या कर सकता हूं, मैं करूंगा। मेरा भाजपा के साथ आना राजनीतिक होगा, लेकिन मेरी सोच उनकी सोच से मेल नहीं खाती। लेकिन राजनीति में कब क्या हो जाए, कुछ कहा नहीं जा सकता। राजनीति में सब कुछ बदल जाता है। यहां सब कुछ इतनी तेजी से हो रहा है कि आप नहीं बता सकते कि कब क्या हो जाएगा।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियों कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा की

# नदियों के उदगम और ऐतिहासिक जल स्त्रोतों में सफाई और सुधार करायें




**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियों कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को शासन की उच्च प्राथमिकता की योजनाओं और कार्यक्रम के संबंध में निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हम आज जल संरक्षण को अपनायेंगे तभी भावी पीढ़ी का जीवन सुरक्षित होगा। जल संरक्षण की प्राचीन परंपराओं और आधुनिक तकनीक के समन्वय से प्रदेश भर में जल संरक्षण के कार्य करायें। जल गंगा संवर्धन अभियान जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं और आमजनता को जोड़कर इसका प्रभावी क्रियान्वयन करें। अभियान के तहत खेत तालाब निर्माण तथा कुंओं और हैण्डपंपों में रिचार्ज पिट बनाने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है। अभियान के तहत नदियों के उ–म स्थल तथा पूरातात्विक एवं ऐतिहासिक महात्व के जल स्त्रोतों की साफ सफाई और सुधार का कार्य करायें। जल संरक्षण के कार्यों का व्यापक प्रचार प्रसार करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नदी जोड़ों अभियान के तकनीकी पक्षों को ध्यान में रखकर इसमें शामिल की जाने वाली नदियों का चिन्हांकन करें। हमारे देश में जल स्त्रोतों और जल संरचनाओं के संरक्षण की परंपरा रही है। इससे जुड़े कई त्यौहार मनाये जाते हैं। शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग मिलकर इसके लिए जागरूकता अभियान चलाये। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नर्मदा नदी के परिक्रमा पथ और पंचकोशी यात्रा की मैपिंग करायें। सभी कलेक्टर पेयजल की व्यवस्था के सतत निगरानी रखें। हर बसाहट में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करें। हैण्डपंपों के सुधार और नल जल योजनाओं के संचालन की भी निगरानी रखें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गेंहू उपार्जन केन्द्रों में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। कलेक्टर तथा अन्य अधिकारी खरीदी केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करें। गिरदावरी तथा अन्य माध्यमों से प्रदेश में उद्यानिकी फसलों के क्षेत्र तथा श्रीअन्न के क्षेत्र का चिन्हांकन करायें। औद्योगिक इकाईयों को भी जल गंगा संवर्धन अभियान से जोड़े इनसें निकलने वाले दूषित पानी को साफ करने के बाद ही जल स्त्रोत में छोड़े। पर्यावरण मानकों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करें। नरवाई जलाने की भी घटनाएं लगातार हो रही हैं। कलेक्टर नरवाई जलाने वालों पर कड़ी कार्यवाही करें। नरवाई को उपयोगी बनाने के लिए किसानों को हैप्पी सीडर तथा सुपर सीडर जैसे उपकरणों के उपयोग के लिए प्रेरित करें। गर्मियों में मलेरिया, हैजा तथा लू का प्रकोप होता है। इनसे बचाव के लिए समुचित उपाय करें। खाद्य पदार्थों के फल, सब्जी आदि के नमूने लेकर इनकी खाद्य सुरक्षा अधिकारी नियमित जांच करें। कलेक्टर नियमित रूप से क्षेत्र का भ्रमण और कार्यालयों का निरीक्षण करें। आमजनता के प्रति संवेदनशीलता से व्यवहार करते हुए उनकी समस्याओं का निराकरण करें।

वीडियो कान्फ्रेंसिंग में बताया गया कि जल गंगा संवर्धन अभियान में अब तक एक लाख 62 हजार जलदूत पंजीकृत किये गये हैं। खेत तालाब बनाने के लिए 50 हजार का लक्ष्य निर्धारित किया गया है अब तक 2687 खेत तालाब तथा 154 अमृत सरोबरों में निर्माण कार्य शुरू हो गया है। मनरेगा योजना से अधूरे 70 हजार से अधिक निर्माण कार्यों में से अब 38 हजार को पूरा करा लिया गया है। नर्मदा पथ और पंचकोशी परिक्रमा की मैपिंग की जा रही है। तालाबों और नदियों से अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जा रहा है। वन विभाग द्वारा 78 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में 4 करोड़ 50 लाख पौधे रोपित करने के लिए तैयारी की जा रही है। वीडियो कान्फ्रेंसिंग से जल गंगा संवर्धन अभियान से जुड़े 12 विभागों द्वारा अब तक की गयी कार्यवाही की जानकारी दी गयी। मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित सभी प्रमुख सचिव बैठक में शामिल रहे। कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र से कलेक्टर प्रतिभा पाल, अपर कमिश्नर नीतू माथूर, वन मण्डाधिकारी, संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले तथा अन्य अधिकारी वीडियो कान्फ्रेंसिंग में शामिल रहे।

## प्रतिबंधित नशीली कफ सिरप डिलीवरी करने वाला गिरफ्तार



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा में प्रतिबंधित नशीली कफ सिरप कोरेक्स की होम डिलीवरी करते हुए गौरव सोनी को पुलिस ने हिरासत में लिया है। फूलमती माता मंदिर के पास से दो पहिया वाहन से अर्जुन नगर में आरोपी पकड़ाया है। अमहिया थाना पुलिस ने एनडीपीएस के मामले में युवक के साथ उसके परिवार से जुड़े दो अन्य सदस्यों को मामले में आरोपी बनाया है। उनकी तलाश की जा रही है।

थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल ने बताया कि दो पहिया वाहन में सवार होकर एक युवक की प्रतिबंधित नशीली कफ सिरप सप्लाई देने अर्जुन नगर आने की जानकारी मिली थी। घेराबंदी कर उसे हिरासत में लिया है।पुलिस ने प्रतिबंधित नशीली कफ सिरप की लगभग 50 सीसी बरामद की है।

आरोपी सीधी जिले का रहने वाला है। हाल ही में जिले की रायपुर कर्चुलियान पुलिस ने एक अर्टिगा वाहन से 1162 शीशी प्रतिबंधित नशीली कफ सिरप को जब्त करते हुए तीन आरोपियों को हिरासत में लिया था। जिनके तार भी सीधी जिले से जुड़े बताए गए थे।

## पतंजलि की मदद से एपीएसयू में शुरू होंगे योग और प्राकृतिक चिकित्सा कोर्स



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा ने योग, प्राकृतिक चिकित्सा एवं आयुर्वेद से जुड़े पाठ्यक्रम संचालन के लिए पतंजलि योगपीठ के साथ मिलकर काम करने की योजना बनाई है। इसके लिए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजेन्द्र कुमार कुड़रिया और पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के प्रबंध संचालक आचार्य बालकृष्ण के बीच शैक्षणिक सहयोग के लिए एम ओयू हुआ है। अब दोनों संस्थान मिलकर इस दिशा में काम करेंगे। जिस तरह से योग और प्राकृतिक चिकित्सा और आयुर्वेद के क्षेत्र में लोगों का रुझान बढ़ रहा है, उसके तहत ही विश्वविद्यालय ने नए पाठ्यक्रम प्रारंभ करने की तैयारी की है। विश्वविद्यालय में योग को लेकर कुछ सर्टिफिकेट कोर्स चल रहे हैं। अब इसे प्राकृतिक चिकित्सा और आयुर्वेद से जोड़ा जा रहा है ताकि अधिक संख्या में छात्र आएं और स्वरोज़गार का ये माध्यम भी बन सके।

## एमपी ट्रांसको वेबसाइट पर पेंशनरों के लिए डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने अपने पेंशनरों और उनके आश्रितों के लिए ऑनलाइन सेवाओं को बेहतर बनाने हेतु अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर नई सुविधाएँ शुरू की हैं। एक प्रमुख पहल के रूप में, अब पेंशनर कहीं से भी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र (जीवन प्रमाण पत्र) सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

एमपी ट्रांसको के मुख्य वित्तीय अधिकारी मुकुल महरोत्रा ने बताया कि पहले पेंशनरों या उनके आश्रितों को जीवन प्रमाण पत्र जमा करने के लिए एमपी ट्रांसको के कार्यालयों में जाना पड़ता था, लेकिन अब यह आवश्यकता समाप्त कर दी गई है। इस नई सुविधा के साथ, डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र सेवा अब वेबसाइट पर आसानी से उपलब्ध है। पेंशनर अब अपनी पेंशन की स्थिति की जांच कर सकते हैं और वर्तमान जीवन प्रमाण पत्र की वैधता भी ऑनलाइन देख सकते हैं। इससे उन्हें समय पर डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा करने में मदद मिलेगी। इसके अतिरिक्त, वेबसाइट पर एक समर्पित टैब भी जोड़ा गया है, जहाँ पेंशनर। अपनी पेंशन स्लिप देख और डाउनलोड कर सकते हैं। इनकम टैक्स फॉर्म-16 एक्सेस कर सकते हैं और डाउनलोड कर सकते हैं। वर्तमान में एमपी ट्रांसको के सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन और पारिवारिक पेंशन यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के माध्यम से वितरित की जाती है, जिसमें 4,285 पेंशनर जुड़े हुए हैं। भविष्य में इस प्रणाली को अन्य बैंकों से भी जोड़े जाने की योजना है।

# बंद कमरे में मिली महिला की लाश, बदबू आने पर चला पता, पति पर हत्या का आरोप



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** एक कमरे के अंदर से महिला की लाश मिली है। उसके परिजनों ने उसकी हत्या का आरोप उसी के पति पर लगाया है। मामला शहर के बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत तकिया मोहल्ले में शनिवार दोपहर को सामने आया। बताया गया कि पति आखिरी बार शुक्रवार सुबह देखा गया था।

परिजनों ने बताया तकिया में रहने वाले सैफ खान उर्फ बुग्गा ने उल्फत जहां नाम की महिला को अपने इश्क के जाल में फंसाया। बेहतर जिंदगी के सपने दिखाकर परिजनों की रजामंदी लेते हुए उससे निकाह कर लिया।

इसके कुछ दिनों बाद ही पति-पत्नी के बीच पैसों की तंगी को लेकर विवाद शुरू हो गए, यह थाने तक भी पहुंचे। हालांकि उस समय पुलिस ने नव दंपती को समझाइश देकर विवाद में सुलह कराने के बाद युवक महिला को उनके घर भेज दिया। ऐसा एक बार नहीं कई बार हुआ।

**कमरे से दुर्गंध आई, पुलिस ने गेट तोड़ाः** किराए के आवास में रह रहे नवदंपति के कमरे से शनिवार सुबह दुर्गंध आई तो लोगों ने बिछिया पुलिस को फोन किया। पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो अंदर महिला का शव मिला। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची मृतका की मां ने ससुराल पक्ष सहित अपनी बेटी के पति पर गंभीर आरोप लगाए।

कहा कि आए दिन उनके दामाद सैफ खान उर्फ बुग्गा द्वारा उनकी बेटी उल्फत जहां के साथ मारपीट की जाती थी। जिसकी कई शिकायतें थाने में दर्ज है। मृतका की मां शाहबानो ने बताया कि शव मिलने से दो दिन पहले उनकी बेटी से उनकी बातचीत हुई थी लेकिन उसके बाद लगातार फोन करने के बाद भी दामाद ने रिसीव नहीं किया।



*सीएसपी शिवाली चतुर्वेदी का कहना है कि, उल्फत जहां और सैफ खान ने प्रेम विवाह किया था। दोनों के बीच अक्सर विवाद की स्थितियां बनती थी। प्रथम दृष्टया मामला हत्या से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। लाश 24 घंटे से भी अधिक पुरानी मानी जा रही है। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाएं हैं। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।*

## मऊगंज में पति-पत्नी पर जानलेवा हमला, पति की हालत गंभीर



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मऊगंज ज़िले के हनुमना थाना क्षेत्र के नाउन कला गांव में दंपति पर पुराने विवाद के चलते प्राणघातक हमला कर दिया गया। इस घटना में पति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के संबंध में परिजन राजेश साकेत ने बताया कि हिंगोई साकेत पति रामेश्वर साकेत के साथ एक रिश्तेदार को पहुंचाने हनुमाना गई हुई थीं जहां से वापस घर लौट रहे थीं इसी दौरान आकाश, अजय और पुष्पेंद्र ने पति-पत्नी पर रॉड और टांगे से हमला कर दिया। घटना की रिपोर्ट हनुमना थाने में दर्ज करा दी गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि पीड़ित के परिवार का लड़का आरोपियों के रिश्तेदारी की एक लड़की को भगाकर ले गया था। जो तीन महीने बाद लौटा। आने के बाद अक्सर फोन पर गली गलौच करता था। जिसके चलते ये वारदात हुई है।

## अमहिया थाना पुलिस ने नशे और सट्टे के खिलाफ की कार्रवाई




**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा शहर की अमहिया थाना पुलिस ने नशे और सट्टे के खिलाफ एक साथ तीन अलग-अलग कार्रवाई की है। मुखबिर की सूचना पर नशीली कफ सिरप की डिलीवरी देने निकले एक शख्स को गिरफ्तार किया है। पुलिस की तफ्तीश में आरोपी की पत्नी और पुत्र भी इस कारोबार में लिप्त पाए गए हैं। जिनके खिलाफ भी प्रकरण दर्ज किया गया। वहीं अमहिया थाना पुलिस ने सट्टे के अड्डे पर भी दबिश दी। जहां से सट्टा कारोबारी को नक़दी रुपए और सट्टा पर्ची के साथ गिरफ्तार किया गया। इसी तरह से पुलिस ने शिल्पी प्लाज़ा के समीप नशे की हालत में कार ड्राइव कर रहे एक चालक को भी पकड़ा जिस पर कार की ज़ब्ती कर ली गई और चालक के विरुद्ध ड्रिंक एंड ड्राइव का केस दर्ज किया गया है।

## उपमुख्यमंत्री शुक्ल ने मां पीतांबरा पीठ में की पूजा अर्चना और



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।**मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने दतिया ज़िले के प्रवास के दौरान मां पीतांबरा पीठ पहुंचकर दर्शन कर विधि-विधान से पूजा अर्चना की और प्रदेश की जनता की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद वन खंडेश्वर बाबा का जलाभिषेक कर लोक कल्याण की प्रार्थना की।

## रीवा-मैहर हाईवे पर तेज़ रफ्तार वाहन ने साइकिल सवार को मारी टक्कर



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** सतना ज़िले के रामपुर बघेलान थाना क्षेत्र अंतर्गत बेला-मैहर हाईवे पर तेज़ रफ्तार वाहन ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को हाईवे एंबुलेंस की मदद से संजय गांधी अस्पताल रीवा लाया गया। जानकारी के मुताबिक साइकिल सवार राम खिलावन पटेल आज सुबह साइकिल से जा रहे थे, तभी बेला-मैहर हाईवे पर ग्राम मोहारी कटरा के समीप अज्ञात वाहन ने उन्हें ज़ोरदार टक्कर मार दी, जिससे वो साइकिल सहित सड़क से दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन के विरुद्ध मामला दर्ज कर पतासाज़ी शुरू कर दी है।

## मैहर में महिला से ग़लत काम कर कुएं में धकेलने वाला गिरफ्तार

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मैहर ज़िले की ताला पुलिस ने महिला से [ड्डस्र्स्र] ग़लत काम कर कुएं में फेंकने के मामले में शुक्रवार की देर रात परिवारद्धङ्ग दर्ज कर ली है। इस मामले में शनिवार की सुबह आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। बतादें कि सीधी जिले की एक महिला ताला थाना इलाके के कुष्म हट गांव के कुएं में शुक्रवार की सुबह पड़ी मिली थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से महिला को कुएं से बाहर निकाला गया और रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया। शाम को पीड़ित महिला ने आरोप लगाया कि कुष्म हट गांव का ही एक आरोपी मज़दूरी के लिए बोलकर उसे रीवा से गांव लाया और उसके साथ ग़लत काम कर उसे कुएं में धकेल दिया।

## अरहर उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन अब 30तक

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।**शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य 7550 रुपए प्रति क्विंटल पर जिले भर में अरहर का उपार्जन किया जाएगा। खरीफ वर्ष 2024-25 में ई उपार्जन पोर्टल पर अरहर (तुअर) फसल के उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन 20 अप्रैल तक किया जा रहा था। अब किसान 30 अप्रैल तक पंजीयन करा सकते हैं। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कहा है कि उपार्जन के लिए किसान ई उपार्जन पोर्टल में अपना पंजीयन 30 अप्रैल से पहले करा लें। सभी सहकारी समिति प्रबंधक तुअर उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन सुनिश्चित करें। पंजीकृत किसानों को ही समर्थन मूल्य पर तुअर के उपार्जन का लाभ मिलेगा।

# पानी की हर बूंद को सहेजने के लिए गांव-गांव हो रहे जल संरक्षण




**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिले भर में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है अभियान के तहत पानी की हर बूंद को सहेजने और धरती माँ के जल भण्डार को समृद्धि करने के लिए बड़े पैमाने पर जल संरक्षण के कार्य किये जा रहे हैं। अमृत सरोबर और खेत तालाबों के निर्माण के साथ पुराने तालाबों और स्टाप डैंप की साफ सफाई और सुधार का कार्य किया जा रहा है। कुंएं और नलकूपों में रिचार्ज पिट बनाये जा रहे हैं। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मऊगंज विकासखण्ड की ग्राम पंचायत झलवार में सहायक यंत्री अंकिता सोहगौरा एवं उपयंत्री बैकुंठ शुक्ला ने खेत तालाब तथा टड्ढ्वेल में रिचार्ज पिट निर्माण का लेआउट देकर इनका निर्माण कार्य शुरू कराया। वन विभाग द्वारा महेबा वन क्षेत्र में चेकडैम्प निर्माण और परकुलेशन डैम्प में सुधार का कार्य किया जा रहा है। इसी तरह ग्राम मुरली में जल चौपाल का आयोजन करके ग्रामवासियों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। पीएचई विभाग ने ग्राम घूमा कटरा में नल जल योजना की पाइप लाइन में लिकेज का सुधार कराया।

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत हनुमना विकासखण्ड की ग्राम पंचायत फूलबजरंग सिंह में तालाब के जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा ने जनपद पंचायत सिरमौर में अमृत सरोबर का निरीक्षण किया। सहायक यंत्री अंकिता सोहगौरा ने ग्राम हटवा सोरेहान में चेकडैम्प का निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत दादर में तीन हैण्डपंपों में रिचार्ज पिट का निर्माण शुरू कराया गया। अभियान के तहत औद्योगिक क्षेत्र चोरहटा में रोजर पावर टेक्नालॉजी औद्योगिक इकाई एवं यश इंडस्ट्री में रेनवाटर हार्वेधस्टग सिस्टम बनाया गया। मऊगंज विकासखण्ड की ग्राम पंचायत गढवा में खेत तालाब का निर्माण शुरू कराया गया। इसी तरह जिले भर में जल संरक्षण के कार्य किये जा रहे हैं। स्वसहायता की महिलाओं तथा जन अभियान परिषद से जुड़े संगठनों ने कई गांव में जन जागरूकता कार्य आयोजित किये। ग्राम कटकी और तेंदुआ में जल रैली निकाली गयी।

## रीवा में हितग्राहियों की ई-केवाई सी के लिए कराई जा रही मुनादी

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत संचालित उचित मूल्य दुकानों से खाद्य सुरक्षा योजना के हितग्राहियों को हर माह निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न दिया जा रहा है। शासन द्वारा एक मई से स्मार्ट खाद्यान्न वितरण व्यवस्था लागू की जा रही है। इस व्यवस्था का लाभ लेने के लिए प्रत्येक राशन कार्ड में दर्ज हितग्राही का ई के वाईसी होना अनिवार्य है। रीवा कलेक्टर प्रतिभा पाल ने सभी राशनकार्ड धारियों से अपील करते हुए कहा है कि इस माह का खाद्यान्न लेने के लिए उचित मूल्य दुकान जाने पर सभी सदस्यों का ई के वाईसी करा लें। ई केवाईसी न कराने पर ये माना जाएगा कि राशन कार्ड में दर्ज सदस्य वर्तमान में दर्ज पते पर नहीं रह रहा है। ई केवाईसी न कराने पर मई माह से खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक/प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया ऑडीटर पब्लिकेशन प्रा.लिमि. राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से प्रकाशित, **संपादक संदीप द्विवेदी**, आर.एन.आई नं. 69082/97, डाक पंजीयन क्र.- म. प्र./ रीवा संभाग/ 46/2023-2025, प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9589645803, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।